मस्जिद नवाब मुकीम खान,बंगाली पंजा, नागपुर




सहरी 05 : 10
इफ़्तार 06 : 27

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 9 मार्च 2025 | अंक 146/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



**शिवशंकर आयुर्वेदिक**

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

## बीपीएल कार्डधारकों को मिलेगा महिला सम्मान योजना का लाभ

# दिल्ली: महिलाओं को 2500 रुपये की महिला सम्मान योजना मंजूर

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू हो गई है. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह योजना लागू किए जाने का ऐलान किया है. इस साल के लिए 5100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं. सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट मीटिंग में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी मिल चुकी है.

जेपी नड्डा रजिस्ट्रेशन की तारीख का ऐलान कर सकते हैं. बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा. दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, "मैं 1993 से संगठन से जुड़ी हुई हूं, नड्डा जी उन दिनों से हमारे अभिभावक हैं. मैं तीन बहनों और एक भाई के परिवार से हूं, लड़कियों के लिए यह मुश्किल है.

जब मैंने डीयू का चुनाव लड़ा, तो मेरी मां ने कहा कि चुनाव लड़कियों के लिए नहीं हैं, लेकिन पिताजी ने मुझे प्रेरित किया. यह मेरी पार्टी है जिसने मेरा साथ दिया.



मेरी पार्टी ने मुझे घर से ढूंढा और मुख्यधारा की राजनीति और समाज के लिए काम करने को कहा." उन्होंने आगे कहा कि 33 फीसदी रिजर्वेशन देने वाली बातें बहुत लोग करते थे लेकिन वो बिल लाते थे और वहीं फाड़ दिए जाते थे. जिस नेता ने इस बात को समझा कि देश की तरक्की केवल एक वर्ग से नहीं होने वाली. मोदी जी जिस एजेंडा को महिलाओं के सम्मान में देश में चला रहे हैं, उसी तरह हम दिल्ली में चला रहे हैं. रेखा गुप्ता ने कहा, "केंद्र सरकार के साथ हर वो काम करने की प्लानिंग हो चुका है, जो दिल्ली को और अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने वाली है. पिछले 15 दिन में हमारी सरकार ने उन अनेकों योजनाओं पर चर्चा की, जो दिल्ली की बहनों के लिए बहुत जरूरी थी. पिंक पुलिस स्टेशन की संख्या बढ़ाने के लिए दिल्ली में काम किया जाएगा."

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, "मैं दिल्ली में बीजेपी सरकार बनाने में उनके योगदान के लिए दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं. ये जीत महिलाओं और यहां बैठी मातृ शक्ति के बिना संभव नहीं होगी. मैं पीएम मोदी के उस शब्द को याद करना चाहता हूं, जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है." उन्होंने आगे कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो महिलाओं के बिना सोच भी नहीं सकते.

आज मेरे लिए खुशी की बात है कि इस साल 5100 करोड़ का निवेश हुआ, जिससे महिला समृद्धि योजना दिल्ली में लागू हो जाए. जेपी नड्डा ने कहा, "संसद में बीजेपी की सबसे ज्यादा महिला सांसद हैं. भविष्य में 33 फीसदी महिलाएं लोकसभा में होंगी. पंचायत से लेकर राष्ट्रपति भवन तक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं. आज हमारे पास 2 डिप्टी महिला सीएम और एक महिला सीएम हैं.

### जानिए किन्हें मिलेंगे हर महीने 2500 रुपये

दिल्ली में शुरू हो रही महिला समृद्धि योजना की सबसे महत्वपूर्ण शर्त यही है कि जिन बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा, वे किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ नहीं ले रही होंगी। यह योजना उन महिलाओं पर लागू होगी, जो सरकारी कर्मचारी नहीं हैं या अन्य सरकारी योजनाओं से वित्तीय सहायता प्राप्त नहीं करती हैं। दिल्ली सरकार वर्तमान में एक ऑनलाइन पोर्टल डेवलप कर रही है जिसके माध्यम से योजना के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

## टोरंटो के एक पब में हुई गोलीबारी

### कम से कम 12 लोग घायल

**कनाडा.**

गोलीबारी की खबर आ रही है. टोरंटो के एक पब में एक नकाबपोश शख्स ने घुसकर मास शूटिंग की घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने बताया है कि टोरंटो में हुई फायरिंग में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, पीड़ितों में से चार मामूली रूप से घायल हुए हैं. लेकिन अन्य लोगों की चोटें कितनी गंभीर हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है. टोरंटो पुलिस ने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति 'काले रंग का बालाक्लावा (मास्क) पहने हुए था' और उसे 'एक सिल्वर कलर की कार में भागते हुए' देखा गया और वह अभी भी फरार है. उन्होंने कहा कि उन्हें




स्थानीय समयानुसार रात करीब 10.39 बजे टोरंटो के स्कारबोरो के एक पब में गोलीबारी की सूचना मिली थी. अधिकारियों ने लोगों से प्रोग्रेस एवेन्यू और कॉरपोरेट ड्राइव के इलाके से दूर रहने की अपील की है. टोरंटो पैरामेडिक्स ने कनाडा के सीपी24 मीडिया को बताया कि यह एक 'गतिशील स्थिति' है और घायलों की हालत सामान्य से लेकर गंभीर तक है. टोरंटो की मेयर ओलिविया चाउ ने कहा, 'स्कारबोरो के एक पब में गोलीबारी की खबर सुनकर मैं चिंतित हूं.'

## फाल्कन घोटाले से जुड़ा विमान ईडी ने किया जब्त





**नई दिल्ली.**

प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद एयरपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने 850 करोड़ के फाल्कन घोटाले से जुड़ा प्राइवेट जेट जब्त कर लिया है. प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई शुक्रवार की. जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हॉकर 800 ए जेट (एन935एच) जब्त किया है. ये जेट कथित रूप से 850 करोड़ के फाल्कन घोटाले के मुख्य आरोपी अमरदीप कुमार का बताया जा रहा है. अमरदीप कुमार ने इस विमान का इस्तेमाल 22 जनवरी को दुबई भागने के लिए किया था. जांच में विमान के स्वामित्व की पुष्टि हुई और सामने आया कि अमरदीप कुमार इस जेट के लाभार्थी मालिक हैं. इस जेट को 2024 में 1.6 मिलियन डॉलर (14 करोड़) में 'प्रेस्टीज जेट्स इंक' के जरिए खरीदा गया था. इस डील में घोटाले के पैसे का उपयोग किया गया था. ईडी का दावा है कि फाल्कन ग्रुप के पोंजी स्कीम से मिले पैसे को इस जेट की खरीद के लिए डायवर्ट किया गया था. विमान के शमशाबाद पहुंचते ही ईडी ने इसे जब्त कर लिया.

चालक दल से पूछताछ की गई और एक करीबी सहयोगी का बयान दर्ज किया गया. फाल्कन ग्रुप ने निवेशकों से 1,700 करोड़ जुटाए, जिसमें हाई रिटर्न का लालच देकर फर्जी इनवॉइस डिस्काउंटिंग निवेश योजना चलाई गई. 850 करोड़ वापस किए गए, लेकिन 6,979 निवेशकों को भुगतान नहीं मिला. कंपनी के प्रमुख अधिकारियों में चेयरमैन और एमडी अमरदीप कुमार शामिल हैं, जो अभी भी फरार हैं. 15 फरवरी को साइबराबाद पुलिस ने फाल्कन कैपिटल वेंचर्स के वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ओडेला और डायरेक्टर काव्या नल्लुरी को गिरफ्तार किया था.

## ट्रैफिक डीएसपी की डांट से फ्रूट सेलर की हार्ट अटैक से मौत



**पटना.** बिहार के भागलपुर से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जोकसर थाना क्षेत्र स्थित घंटाघर चौक पर शुक्रवार को उस समय बवाल मच गया, जब अतिक्रमण हटाने के दौरान यातायात डीएसपी द्वारा डांटे जाने पर एक फल व्यवसायी की हार्ट अटैक से मौत हो गई. मृतक की पहचान महेंद्र साह के रूप में हुई है, जो वर्षों से फुटपाथ पर फल बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था. यातायात डीएसपी अपने दल-बल के साथ घंटाघर चौक पहुंचे थे, जहां फुटपाथ पर बैठे दुकानदारों को सड़क खाली करने का निर्देश दिया जा रहा था. जैसे ही महेंद्र साह ने अपना सामान समेटना शुरू किया, डीएसपी ने उन्हें जोर से डांटना शुरू कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने न केवल महेंद्र साह को अपशब्द कहे बल्कि उन पर हाथ भी छोड़ दिया. इस घटना से महेंद्र साह सदमे में आ गए और मौके पर ही गिर पड़े. जब तक लोग कुछ समझ पाते, उन्हें हार्ट अटैक आ चुका था. आनन-फानन में लोग उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. महेंद्र साह की मौत की खबर फैलते ही फुटकर दुकानदारों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया. गुस्साए दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने घंटाघर चौक पर टायर जलाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया. देखते ही देखते सड़क जाम हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. दुकानदारों का कहना था कि प्रशासन का यह रवैया पूरी तरह अन्यायपूर्ण है और गरीब दुकानदारों के साथ लगातार ऐसा दुर्व्यवहार किया.

## नकल गिरोह का पर्दाफाश, एसटीएफ ने हरदोई से अरेस्ट किये 16 लोग

**नई दिल्ली.**

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में दो अलग-अलग छापों में सॉल्वर गैंग के 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से 14 लोग प्रिंसिपल के घर के अंदर से मिले हैं. ये सभी यूपी बोर्ड परीक्षा की 10वीं कक्षा की अंग्रेजी का प्रश्नपत्र हल करते हुए पकड़े गए हैं. शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा की सुबह की पाली (सुबह 8.30 से 11.45 बजे) के लिए यह प्रश्नपत्र निर्धारित था. यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने आरोपियों के पास से 20 उत्तर पुस्तिकाएं बरामद की हैं. जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद के साथ स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने हरदोई जिले के कटियामऊ गांव में जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज पर छापा मारा. इस दौरान कॉलेज से 3-4 किलोमीटर दूर स्थित प्रिंसिपल के घर पर भी छापा मारा गया. वहां सॉल्वर गैंग के पांच पुरुष और नौ महिलाएं अंग्रेजी के प्रश्नपत्र का उत्तर लिख रहे थे. पूछताछ के दौरान उनमें से एक ने खुद को इंटर कॉलेद का शिक्षक बताया है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दूसरी घटना में जिले के दलेल नगर इलाके में जय सुभाष महाबली इंटर कॉलेज के बाहर दो महिलाएं पेपर हल करती पाई गईं.

## मॉरीशस के नेशनल-डे पर चीफ गेस्ट होंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान भारत और मॉरीशस कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रधाममंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य रूप से 12 मार्च को द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष क्षमता निर्माण, द्विपक्षीय व्यापार, सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने और लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। विक्रम ने कहा कि इस यात्रा से दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों का जायजा ले सकेंगे और आने वाले महीनों और वर्षों में जुड़ाव के लिए दिशा-निर्देश प्रदान कर सकेंगे। मॉरीशस को एक करीबी समुद्री पड़ोसी बताते हुए मिस्री ने कहा कि भारत को इस द्वीप राष्ट्र के लिए पसंदीदा विकास भागीदार होने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यह संबंध काफी गहरा हुआ है। भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगी। पश्चिमी हिंद महासागर में एक द्वीप राष्ट्र मॉरीशस के साथ भारत के घनिष्ठ और दीर्घकालिक संबंध हैं। विशेष संबंधों का एक प्रमुख कारण यह तथ्य है कि द्वीप राष्ट्र की 1.2 मिलियन (12 लाख) आबादी में लगभग 70 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग हैं। वर्ष 2005 से भारत मॉरीशस के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है। वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए, मॉरीशस को भारतीय निर्यात 462 मिलियन अमरीकी डॉलर था, जबकि भारत को मॉरीशस का निर्यात 91.5 मिलियन अमरीकी डॉलर था।

## बंगाली बस्ती-जय हिंद कैंप में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ वेरिफिकेशन ड्राइव

**नई दिल्ली.** वसंतकुंज स्थित जय हिंद कैंप में शनिवार को पुलिस ने बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चलाया। निवासियों से नागरिकता और पहचान संबंधी दस्तावेजों मांगे जा रहे हैं और संबंधित जिलों में उन्हें भेजकर सत्यापन कराया जा रहा है। कैंप में बड़ी संख्या में बंगाली रहते हैं। इनके बीच बांग्लादेशी नागरिक के भी पहचान छिपाकर रहने की आशंका है। अभियान के तहत पुलिस ने करीब 200 लोगों के पहचान व नागरिकता संबंधी दस्तावेज जमा कराए हैं। दो दिन पहले पुलिस ने संगम विहार की झुग्गियों में भी सत्यापन अभियान चलाया था। पुलिस के मुताबिक सत्यापन के लिए निवासियों पहचान संबंधी सभी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। यदि कोई संदिग्ध लगता है, तो उसके पहचान पत्र को सत्यापन के लिए संबंधित जिलों में भेजा जा रहा है। सत्यापन की प्रक्रिया में अगर कोई अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है तो उसे



एफआरआरओ (फारेन रिजनल रजिस्ट्रेशन आफिस) के समक्ष पेश कर वापस उसके देश भेज दिया जाता है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में बैठक कर दिल्ली पुलिस को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों व रोहिंग्या पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत पुलिस ने प्रवासियों की पहचान के लिए वसंतकुंज जय हिंद कैंप में सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस ने झुग्गी में रहने वाले लोगों से पहचान प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज लिये। अब इन दस्तावेजों की जांच की जाएगी, ताकि संदिग्धों के मूल निवास का पता चल सके। इसी तरह का अभियान छह मार्च को संगम विहार रतिया मार्ग पर भी चलाया गया था। पुलिस को आशंका है कि इन क्षेत्रों में झुग्गियों में रह रहे लोग संदिग्ध पाए जा सकते हैं। पुलिस इन लोगों के वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस इंटरनेट मीडिया की जांच भी कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि इन व्यक्तियों के संपर्क बांग्लादेशी नागरिकों से तो नहीं हैं। संदिग्ध व्यक्तियों के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है, ताकि पता चल सके कि इन्हें बांग्लादेश से तो पैसा नहीं भेजा जा रहा।

## मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हिंसा

### एक शख्स की मौत, 27 सुरक्षाकर्मी घायल




**इम्फाल.** मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद आठ मार्च को फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू हुआ। इस दौरान मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हिंसा भड़क गई। बताया जा रहा है कि हिंसक झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। वहीं, सुरक्षाकर्मी सहित दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए है। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय सिंगसिट को कीथेलमानबी में हुई झड़पों के दौरान गोली लगी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुक्त आवागमन निर्देश का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा बलों द्वारा तितर-बितर करने की कोशिश के बाद शनिवार को कांगपोकपी जिले में कई झड़पे हुए है। इस दौरान एक शख्स की जान चली गई। इसके अलावा सुरक्षा बलों सहित करीब 27 लोग जख्मी हुए है। पुलिस ने बताया कि गमगीफाई, मोटबंग और कीथेलमानबी में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों के दौरान दो दर्जन से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को विभिन्न प्रकार की चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए पास के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## 'महिलाओं का आशीर्वाद मेरा कवच है': पीएम मोदी

### सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुजरात के नवसारी के वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, जहां उन्होंने 1.1 लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित किया। इसके अलावा नरेन्द्र मोदी ने में जी-सफल और जी-मैत्री सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में माता गंगा का आशीर्वाद मिले और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों के आशीर्वाद मिले। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस



विशेष दिन. आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा क आज इस दिन, मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत महिलाओं के नेतृत्व में विकास की राह पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमने करोड़ों महिलाओं के लिए शौचालय बनवाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। हमने करोड़ों महिलाओं के खाते खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ा है। हमने उज्ज्वला सिलेंडर देकर उन्हें धुएं जैसी तकलिफों से बचाया है। उन्होंने कहा कि आज समाज के स्तर पर, सरकार के स्तर पर, बड़ी-बड़ी संस्थाओं में महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा तरजीह दी गई है। राजनीति का मैदान हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या फिर पुलिस. देश के हर सेक्टर में, हर आयाम में महिलाओं का परचम लहरा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सबको ये देखकर गर्व होता है कि आज दुनिया में सबसे बड़ी संख्या में महिला पायलट, हमारे भारत में हैं। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का ही उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब आप सभी से मिलता हूं तो मेरा भरोसा और पक्का हो जाता है कि विकसित भारत का संकल्प अब पूरा होकर ही रहेगा। संकल्प की सिद्धि में हमारी नारीशक्ति की सबसे बड़ी भूमिका होगी। मोदी ने कहा कि 2014 के बाद से अब तक करीब 3 करोड़ महिलाएं घर की मालकिन बन चुकी हैं। आज पूरी दुनिया में जल जीवन मिशन की भी बड़ी चर्चा है। जल जीवन मिशन के जरिए आज देश के गांव-गांव में पानी पहुंच रहा है। गांधी जी कहते थे कि देश की आत्मा ग्रामीण भारत में बसती है। आज मैं उसमें एक पंक्ति और जोड़ता हूं कि ग्रामीण भारत की आत्मा ग्रामीण नारी के सशक्तिकरण में बसती है। इसलिए हमारी सरकार ने महिलाओं के अधिकारों को, महिलाओं के लिए नए अवसरों को बड़ी प्राथमिकता दी है।

### अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश की नारीशक्ति, हर आशंका को परास्त करके, हर संदेह को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रही है। बीते दशक में हमने महिला सुरक्षा को बहुत बड़ी प्राथमिकता दी है। उनके खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए नियम-कानूनों को हमने और सख्त बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के मुखिया के रूप में, सेवक के रूप में आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आपके सपनों के रास्ते में कोई बाधा नहीं रहने दूंगा। एक बेटा जिस भाव से मां की सेवा करता है, उसी भाव से मैं भारत मां और मेरी माताओं-बहनों की सेवा कर रहा हूं।

## लुधियाना में एक फैक्ट्री की इमारत गिरी



**चंडीगढ़.** पंजाब के लुधियाना जिले में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लुधियाना में एक बहुमंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में करीब छह लोगों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना फोकल प्वाइंट इलाके में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इमारत गिरने से पूरा इलाका हिल गया। इमारत ढहने से कुछ क्षण पहले धमाके जैसी तेज आवाज सुनी गई थी। लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर जतिंदर जोरवाल ने बताया कि कुछ लोगों को बचा लिया गया है और फंसे हुए लोगों के लिए बचाव अभियान जारी है। मलबे के नीचे करीब छह लोग फंसे हो सकते हैं। बचाव दल फंसे हुए लोगों का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इमारत और उसमें रहने वालों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई, लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह एक फैक्ट्री थी।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की जिम्मेदारी: शिंदे

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लाडली बहनों ने महायुत सरकार को भर भर कर वोट देकर हमारी सरकार बनवाई, और सौतेले भाइयों को घर पर बिठा दिया. उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की जिम्मेदारी है. इसलिए सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं की शरुआत की है. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि जह वो राज्य के मुख्यमंत्री थे तब उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री लाडकी बहन योजन की शरुआत की गई थी. उन्होंने कहा कि तत्कालीन दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मिलकर हमले फैसला लिया था. उन्होंने कहा क विधानसभा चुनाव के दौरान लाडकी बहनों ने महायुती सरकार को भर भर कर वोट दिया और हमारी सरकार बनवाई, ऐसे में अब बहनों के लिए हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है. शिंदे ने कहा कि सभी लाडकी बहनों को आत्म सम्मान देना और आत्मनिर्भर बनाना यह हमारी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि इसलिए सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं की शरुआत की है ताकि वो खुद अपने पैरों पर खड़े हो



सकें और आत्मनिर्भर बन सकें. शिंदे ने कहा कि एमआईडीसी की तरफ से भी स्वयं रोजगार योजना के लिए 35% का अनुदान दिया जाता है.

**'लाडली बहनों ने सौतेले भाइयों को घर पर बिठा दिया'**

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जनधन योजना हो, उज्ज्वला योजना हो या फिर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना हो, ऐसी कई योजनाएं पीएम की तरफ से शुरू की गई हैं. उन्होंने कहा कि लाडकी बहनों ने विधानसभा चुनाव में महायुति का पूरा साथ दिया और सौतेले भाइयों को घर पर बिठा दिया. इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि हम लोगों ने कभी नहीं कहा कि प्रिंटिंग मिस्टेक है. शिंदे ने कहा कि 1500 के हमने दो इंस्टॉलमेंट अभी महिलाओं को दिए हैं और जहां तक 2100 रुपए की बात है जिसका वादा महायुती ने घोषणा पत्र में किया था तो सरकार उसकी भी योजना बना रही है. उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र 5 साल का होता है हमने जो कहा है उसमें बिल्कुल परिवर्तन नहीं किया जाएगा. शिंदे ने कहा कि बाकी की सभी योजनाएं भी शुरू रहनी चाहिए और लाडली बहन योजना भी शुरू रखनी है साथ ही विकास भी होना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना पर पूरी तरह से काम कर रही है. इसके साथ ही पुणे की घटना को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो घटना हुई है उस घटना का जायजा लिया जाएगा और समाज को जो शर्मिंदा करने वाला जो भी काम करेगा उसे बक्शा नहीं जाएगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है.

# साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन के पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन

**मुंबई.** आज के डिजिटल युग में साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन बड़ी चुनौती बन गए हैं. ऑनलाइन दुर्व्यवहार के शिकार होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है. संकट पर काबू पाने के लिए महाराष्ट्र साइबर विभाग ने अनूठी पहल की है. गैर लाभकारी संगठन ब्रश ऑफ होप के साथ मिलकर साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन पीड़ितों की मदद करने का साइबर विभाग ने फैसला लिया है. साइबर विभाग ने साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन पीड़ितों के लिए समर्पित हेल्पलाइन 022-6536 6666 का शुभारंभ हुआ है.

हेल्पलाइन पर फोन कर साइबरबुलिंग और सेक्सटॉर्शन के शिकार लोग तत्काल परामर्श, कानूनी सहायता और आपातकालीन



हस्तक्षेप की सेवा का लाभ ले सकते हैं. हेल्पलाइन की सेवा सप्ताह में छह दिन (सोमवार से शुनिवार) सुबह 9:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी. संपर्क करने वाले को वरिष्ठ मनोचिकित्सक परामर्श देंगे. हेल्पलाइन के माध्यम से साइबरबुलिंग का शिकार हुए लोगों की काउंसिलिंग भी की जायेगी.

साइबर विभाग ने प्रभावित लोगों को बिना देरी के सुविधा का लाभ लेने की अपील की है. हेल्पलाइन की शुभारंभ कार्यक्रम में बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी, फिल्म अभिनेता फरहान अख्तर और फिल्म अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस शामिल हुए.

महाराष्ट्र साइबर विभाग के एडीजी यशस्वी यादव ने बताया कि आज के समय में महिलाएं साइबरबुलिंग का शिकार होती हैं. कई बार शर्म की वजह से पुलिस के पास नहीं जा पातीं. साइबर विभाग की तरफ से अपील की जाती है कि पीड़ित महिलाएं मन का डर दूर कर आगे आएं. 1945 पर फोन करके आप मदद ले सकते हैं. फरहान अख्तर ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने के बाद दिमाग पर बहुत दबाव होता है. हमें पीड़ितों को समझना होगा. निश्चित रूप से साइबर अपराध की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं.

# प्रियंका चतुर्वेदी का महिला दिवस पर बयान: 'महिलाओं की लड़ाई जारी है'

**मुंबई.**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शिवसेना (यूबीटी ) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने महिलाओं के संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और उनके हक के लिए जारी लड़ाई की याद दिलाने वाला दिन है. प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "महिला दिवस मेरे लिए यह याद दिलाने का दिन है कि देश और दुनिया की महिलाएं अब भी अपने हक और अपने स्थान के लिए संघर्ष कर रही हैं. वे अब भी हर करियर विकल्प में अपनी जगह बनाने के लिए लड़ रही हैं, अपनी आवाज को सुने जाने के लिए लड़ रही हैं, और उन स्थानों तक पहुंचने के लिए प्रयास कर रही हैं, जहां निर्णय लिए जाते हैं." उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की यह लड़ाई किसी एक दिन की नहीं



है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है जो तब तक चलता रहेगा जब तक कि दुनिया की 50 फीसदी आबादी को निर्णय लेने की मेज पर समान भागीदारी नहीं मिलती.

महिलाओं को निर्णय लेने वाली जगहों पर होना जरूरी- प्रियंका चतुर्वेदी प्रियंका चतुर्वेदी ने इस बात पर जोर दिया कि समाज में वास्तविक बराबरी तभी आएगी जब महिलाओं को उन जगहों पर रखा जाएगा जहां बड़े फैसले लिए जाते हैं. उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सिर्फ नारे लगाने से कुछ नहीं होगा, बल्कि उनके लिए अवसर और सुविधाएं सुनिश्चित करनी होंगी ताकि वे हर क्षेत्र में अपनी जगह बना सकें.

**महिला दिवस का असली मतलब**

उन्होंने कहा कि यह दिन यह याद दिलाने के लिए है कि महिलाओं को अभी भी कई स्तरों पर संघर्ष करना पड़ रहा है. चाहे राजनीति हो, कॉरपोरेट सेक्टर हो, खेल हो या कोई अन्य क्षेत्र – महिलाएं हर जगह अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं. उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है. जब तक महिलाओं को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक प्रगति अधूरी रहेगी.

# नवी मुंबई नगर निगम ने शुरू की 'भारत बिल भुगतान प्रणाली'

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के निवासियों को संपत्ति कर का ऑनलाइन भुगतान करते समय कई तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिणामस्वरूप, नागरिकों को अनावश्यक कष्ट सहना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए नवी मुंबई नगर निगम ने 'भारत बिल भुगतान प्रणाली' (बीबीपीएस) शुरू की है। यह प्रणाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है और पूरी तरह सुरक्षित है। इस प्रणाली से नागरिकों का समय बचेगा। नवी मुंबई में साढ़े तीन लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियां हैं। नगर निगम ने नागरिकों को संपत्ति कर का भुगतान करने में सक्षम बनाने के लिए विभाग कार्यालय में सुविधाएं प्रदान की हैं। ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। हालाँकि, नागरिकों को ऑनलाइन करों का भुगतान करते



समय विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसलिए, ऑनलाइन कर भुगतान के प्रति नागरिकों में उदासीनता थी। इसलिए नगर निगम ने अब 'भारत बिल भुगतान प्रणाली' नाम से नई संपत्ति कर प्रणाली शुरू की है। इस प्रणाली से संपत्ति मालिकों के लिए अपने संपत्ति कर विवरण, बकाया राशि और कर भुगतान की अंतिम तिथि के बारे में जानकारी प्राप्त करना आसान हो जाएगा। यह प्रणाली अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है और पूरी तरह सुरक्षित है। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि संपत्ति मालिक की वित्तीय और व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी। संपत्ति मालिकों को एक क्लिक से विभिन्न तरीकों से संपत्ति कर का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है।

इस तरह आप भुगतान करेंगे.

'भारत बिल भुगतान प्रणाली' ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, मोबाइल वॉलेट जैसे विभिन्न भुगतान विकल्प प्रदान करती है। नागरिक नगर निगम की वेबसाइट nmmc.gov.in के साथ-साथ 'माई एनएमएमसी' ऐप के माध्यम से घर बैठे कर का भुगतान कर सकते हैं। कर भुगतान रसीदें नागरिकों को तुरंत उपलब्ध होंगी।

संपत्ति मालिकों को संपत्ति कर से संबंधित शिकायतों के समाधान, शंकाओं के समाधान तथा संपत्ति कर के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 022-62531727 शुरू किया गया है। संपत्ति कर विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों के समाधान के लिए सोमवार से रविवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। संपत्ति कर विभाग ने संपत्ति मालिकों को आसानी से कर का भुगतान करने और उनका समय बचाने के लिए 'भारत बिल भुगतान प्रणाली' को अपनाया है। पुरानी प्रणाली की सभी त्रुटियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिए जाने से ऑनलाइन कर भुगतान प्रक्रिया आसान और तेज हो गई है। संपत्ति कर विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहा है कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डॉ कैलाश शिंदे, आयुक्त, नवी मुंबई नगर निगम।

## समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हादसा, दो की मौत और छह घायल

**नागपुर.** महाराष्ट्र के मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार को दर्दनाक हादसा हुआ है. एसयूवी पलटने और उसे पीछे से एक अन्य वाहन के टक्कर मारने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी है. सिंधखेड़ राजा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई. वाहन यवतमाल से श्रद्धालुओं को लेकर शिर्डी की ओर जा रहा था. उन्होंने बताया कि वाहन का एक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया. इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने भी वाहन को टक्कर मार दी. हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान विद्या साबले और मोतीराम बोरकर के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. अधिकारी ने बताया कि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है. डॉक्टर घायलों की स्थिति पर नजर बनाए हैं. अधिकारी के मुताबिक दुर्घटना की सूचना पाकर यातायात पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीम को मौके पर बुलाया गया.

# हिंदू जनजागृति समिति ने औरंगजेब की मजार की सहायता रोकने की मांग की

**मुंबई.**

औरंगजेब की मजार के रखरखाव पर सरकार ने 6 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर के लिए केवल 250 रुपये दिए गए हैं. हिंदू जनजागृति समिति ने सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है और औरंगजेब की मजार की सहायता रोकने और शिवाजी महाराज के मंदिर को पर्याप्त धन देने की मांग की है. महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश में छत्रपति शिवाजी और औरंगजेब को लेकर जमकर सियासत की जा रही है. इसे लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीच घमासान मचा हुआ है. औरंगजेब की मजार के लिए सरकार ने 3 साल में साढ़े 6 लाख रुपए खर्च किए, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर के लिए सिर्फ 250 रुपए खर्च किए हैं. इस खुलासे के बाद महाराष्ट्र की सियासत



गरमा गई है. हिंदू जनजागृति संगठन ने इसे लेकर सवाल उठाया है और कहा कि औरंगजेब की कब्र के लिए लाखों रुपये, मगर छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर के लिए सिर्फ 250 रुपये क्यों खर्च किए गए? हिंदू जनजागृति समिति ने औरंगजेब की कब्र की सहायता तत्काल बंद करने और छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर के लिए भरपूर सहायता देने की मांग की है. बता दें कि सपा नेता अबू आजमी के औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान से विवाद जारी अभी जारी है. इसी बीच हिंदू जन जागृति संगठन ने औरंगजेब की कब्र को लेकर होने वाले खर्चे का ब्यौरा देते हुए और छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर की देखभाल खर्च में भेदभाव का आरोप लगाया है.

**औरंगजेब की मजार पर 6.50 लाख रुपए खर्च**

हिन्दू जनजागृति संगठन के मुताबिक औरंगजेब की कब्र की देखभाल के लिए केंद्र सरकार के भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा हर साल लाखों रुपये की सहायता दी जा रही है. उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021-22 में 2,55,160 रुपए और वर्ष 2022-23 (नवंबर तक) 2,00,636 रुपए खर्च किए हैं. इस प्रकार अब तक लगभग 6.50 लाख लाख रुपये खर्च किए गए हैं. वहीं दूसरी ओर, महाराष्ट्र की गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक सिंधुदुर्ग किले में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के एकमात्र मंदिर के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा सिर्फ 250 रुपए मासिक सहायता दी जाती है.

**हिंदू जागृति मंच ने लगाया भेदभाव का आरोप**

हिन्दू जनजागृति संगठन ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि जिन्होंने हिंदू धर्म, महाराष्ट्र संस्कृति और स्वराज्य की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया, उनके मंदिर के लिए इतना कम अनुदान दिया जा रहा है. यह सभी आरोप हिन्दू जनजागृति संगठन ने लगाए है और इसका आधिकारिक डाटा अभी हमारे पास सामने नहीं आया है हिंदू जनजागृति समिति के राज्य संघटक सुनील घनवट ने मांग की है कि औरंगजेब की कब्र के रखरखाव के लिए दी जाने वाली सहायता तत्काल बंद की जाए और छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर के लिए भरपूर आर्थिक सहायता घोषित की जाए. सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देना चाहिए, अन्यथा हिंदू समाज इस अन्याय के खिलाफ तीव्र आंदोलन करेगा.

# होटल और दकानों में मेनू और बिल मराठी में हों: शिवसेना यूबीटी की मांग

**मुंबई.**

दुकानों और होटलों पर मराठी में बोर्ड लगाने को लेकर कई बार महाराष्ट्र की राजनीति गरमा चुकी है. राज ठाकरे की पार्टी एमएनएस हो या फिर शिवसेना, सड़कों पर मराठी बोर्ड लगाने की लड़ाई लड़ाई लड़ चुकी हैं. लेकिन अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने भी मोर्चा संभाल लिया है. शिवसेना यूबीटी ने होटल का मेनू और बिल मराठी भाषा में करने की मांग शुरू कर दी है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता कृष्ण पावले ने जिलाधिकारी को खत लिखा है. उन्होंने मांग की है कि मुंबई के होटल, दुकान या माल में मेनू कार्ड और बिल मराठी होने चाहिए.



उन्होंने कहा कि बिल अंग्रेजी में होते हैं. बहुत सारे मराठी लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते. कृष्ण पावले ने कहा, "हमारा दबाव नहीं निवेदन है. हमारी मराठी भाषा को सम्मान दीजिए. ऐसा नहीं होने पर हम विरोध करेंगे." होटल संचालकों और ग्राहकों ने भी मराठी भाषा विवाद पर प्रतिक्रया दी है. उन्होंने कहा कि मुंबई में रहने के लिए मराठी भाषा का सम्मान बेहद जरूरी है. होटल का मेनू कार्ड मराठी भाषा के साथ अंग्रेजी में करना अच्छा होगा. उन्होंने कहा कि मुंबई में सभी राज्य के लोग रहते हैं. शिवसेना यूबीटी की तरफ से मराठी मेनू कार्ड वाली मांग पर राज ठाकरे की एमएनएस ने सवाल उठाए हैं. एमएनएस नेता यशवंत किलेदार ने कहा कि शिवसेना यूबीटी का मराठी मेनू कार्ड मामला पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है.

**एमएनएस और शिवसेना यूबीटी में तकरार**

उन्होंने पूछा कि अब मुद्दा क्यों उठाया जा रहा है. उद्धव ठाकरे ने सरकार में रहते कदम क्यों नहीं उठाया. फिलहाल आगामी बजट में मराठी भाषा को बढ़ावा देने के लिए भरपूर सहायता राशि का ऐलान किया जा सकता है. महानगरपालिका चुनाव में मराठी मेनू कार्ड चुनावी मुद्दा बन सकता है. चुनाव के दौरान अभी खामोश रहने वाली पार्टी को भी स्डैंड साफ करना होगा.


**मध्य रेल**

**अधिसूचना**

अधिसूचना संख्या NGP/P-841/Rectt./GSU दिनांक 07-03-2025 के अनुसार, कर्मचारियों की **Re-engagement** द्वारा मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन में **गति शक्ति यूनिट** में निम्नलिखित पद को भरने का निर्णय लिया गया है जो मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से सेवानिवृत्त हुए हैं। **विभाग:** इंजीनियरिंग **कोटी/पद:** एस.एस.ई. (कार्य) **रिक्ति:** 03 नागपुर मंडल, मध्य रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी जो पुन:नियुक्ति चाहते हैं, उन्हें अपना आवेदन निर्धारित प्रारुप में इस कार्यालय के कार्मिक विभाग, आस्था सेल में रखे गए बॉक्स में दिनांक 21-03-2025 तक या उससे पहले डालना होगा। दिनांक 21-03-2025 के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नही होंगे। किसी भी प्रश्न के लिए मोबाइल नंबर 7058612677 पर संपर्क करें। कृपया वेबसाइट पर प्रकाशित विस्तृत अधिसूचना के लिए जाएँ - https://cr.indianrailways.gov.in/view section.jsp?lang=0&id=0,61191,1196,13 61,2424

Apex-488 स.का.अधि. (इले./भर्ती) नागपुर

Download UTS App for Tickets


## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.


**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 3297 Date 25.02.25

**IN THE COURT OF 4th Jt. CIVIL JUDGE SR. DN., NAGPUR. (M.S.) Room No. 416**

**Succession Case No. 34/2025**

**Fixed For 07/04/2025**

**Applicants : 1) Pravati Prabhatkumar Mohanty & Other -Versus- Non Applicants: Nil**

**Name of Deceased: Late Prabhatkumar Radhakanta Mohanty, Died On: 15/12/2024,** R/o 304/B, Plot No 101, Butibori Road, Hanuman Mandir, Shrilakshmi Residency Ghuse Layo Butibori, Nagpur.

Whereas **Late Prabhatkumar Radhakanta Mohanty, Died On :15/12/2024** R/o 304/B, Plot No 101, Butibori Road, Hanuman Mandir, Shrilakshmi Residency Ghuse Layo Butibori, Nagpur. **Died at Nagpur** and Whereas **Pravati Prabhatkumar Mohanty & Other** has presented an application to this court for grant of Succession Certificate U/s. 372 of Indian Succession Act, **In respect of the Provident Fund Esic Rs. 5,00,000/-** in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give Public Notice to all persons who may dispute the right of the said Applicant **Pravati Prabhatkumar Mohanty & Other** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **04th Jt. Civil Judge Sr. Dn., Nagpur** on **07th day of April, 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **25th day of Feb., 2025.**

Seal — **By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Court of Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 1871 Date 24.02.25

**IN THE COURT OF 3rd Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 104**

**Succession Case No. 35/2025**

**Fixed For 21/03/2025**

**Applicants : 1) Purushottam Bhaiyalal Kawaska --Versus-- Non-Applicants:Nil**

**Name of Deceased : 1) Girijabai Badshah Rahate, Died On 09/08/2021,** R/o Near Ravidas Mandir, Timki, Timki, Mahatma Fule Bazar, Nagpur- 440018.

Whereas **Girijabai Badshah Rahate, Died On 09/08/2021,** R/o Near Ravidas Mandir, Timki, Mahatma Fule Bazar, Nagpur - 440018 and Whereas **Purushottam Bhaiyalal Kawaska** has presented an application to this Court for grant of Succession Certificate U/s 372 of Indian Succession Act, in respect of the **Claiming Total Amount of Rs. 287551/-** standing in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Purushottam Bhaiyalal Kawaska** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **3rd Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **21st day of March, 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **24th day of Feb., 2025.**

Seal — **By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस**

DR. NANDI PATH LAB — Committed to your Wellness. OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE. DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE. Mobile No.: 8767516249 | 7420869774. Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

Sabri — Professional DJ & Live Audio Sound Service. :: Booking Show :: Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall. M. 9503066685. Kharbi Chowk, Nagpur.

AVANI SOLAR SYSTEM — GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX. VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor. Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor). Office Address: Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001. E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com. Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631. Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

Star Path Lab — 8 AM to 9 PM. UPTO 50% Discount. पॅथॉलॉजी लॅब. हमारे यहां सभी प्रकार के खून/ पेशाब/ मलमूत्र कि जॉच कम से कम दाम मे की जाती है। जैसे कि CBC, ब्लड शुगर, थायरॉयड, वात रोग, पीलिया, ब्लड कैंसर, TB (टी.बी), एलर्जी समेत समस्त प्रकार की जांच खून के द्वारा की जाती है। (FREE/मुफ्त घर पहुंच सेवा उपलब्ध) मो. 9372696143, 9370865828. बड़ा ताजबाग दरगाह रोड, नागपुर

इंग्लिश स्पीकिंग — E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY. Talkative, Funny & Tricky. Morning / Evening BATCHES. अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से. हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है। STUDENTS, TEACHERS, HOUSEWIVES, JOB SEEKERS. NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM. 9960462058, 7498325477. नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी. डॉ. (प्रा.) अभिषेक विमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS — हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है. अफसर खान. M. 9371381114, 7038696893. सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नसीब प्रिंटींग प्रेस — एस. सुधीर मो. 9372855880. डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड • शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प • बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब • रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग. प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

ADMISSION OPEN — RKS PUBLIC SCHOOL. NURSERY to Std. IX. OUR FACILITY: Computer Lab • Cricket, Karate Class • Swimming Pool, Skating Class • Basket Ball. M. 8087955831 8956785080. Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

अंकित एंटरप्राइजेस — आनंद ठेकेदार : 7219847962. बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर. हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे। "सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर — विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड. उमेश्वर शामकुंवर M.9326760744. तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

# प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात दौरे के दौरान भावुक पल

**अहमदाबाद.**

प्रधानमंत्री मोदी के गुजरात दौरे के दौरान, कई भावुक पल देखने को मिले. एक युवक ने पीएम मोदी और उनकी की तस्वीर बनाई और उन्हें भेंट की, जिस पर पीएम मोदी ने हस्ताक्षर किए. वह पीएम मोदी को देखकर फूट-फूटकर रोने लगा. एक दिव्यांग कलाकार ने राम मंदिर की एक खूबसूरत पेंटिंग भेंट की, जिससे पीएम मोदी बहुत प्रभावित हुए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार को गुजरात दौरा का दूसरा और आखिरी दिन है. पीएम मोदी शुक्रवार को सूरत पहुंचे थे और वहां सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान प्रोग्राम का आरंभ किया था. पीएम मोदी ने एक रोड-शो भी किया. सूरत में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े. इस रोड शो के दौरान एक युवक प्रधानमंत्री मोदी का बेसब्री से इंतजार कर रहा था और उसके हाथ में प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां हीरा बा की तस्वीर थी. प्रधानमंत्री मोदी को देखकर सूरत के एक युवक की आंखें भर आईं. वह पीएम मोदी को देखकर फूट-फूटकर रोने लगा. इस भावुक क्षण में प्रधानमंत्री मोदी ने युवक से बात की और युवक के हाथ में मौजूद तस्वीर पर अपने हस्ताक्षर भी किए.





**पीएम को देखकर फूट-फूटकर रोने लगा युवक :** जब उस भाव-विह्वल युवक पर प्रधानमंत्री मोदी की नजर पड़ी तो उन्होंने अपने वाहन को रुकवाया और युवक ने जो स्केच पकड़ रखा था. उसे अपने पास मंगवाया. इसके बाद प्रधानमंत्री ने उस स्केच पर अपने हस्ताक्षर किये और फिर उस युवक के पास वापस भिजवा दिया. इसके बाद उस युवक ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और उनका अभिवादन किया. प्रधानमंत्री ने नेयुवक की बनाई तस्वीर पर लिखा- प्रिय ओम अभिनंदन' इसके बाद उस पर अपने हस्ताक्षर किए और तारीख लिखकर युवक को वापस कर दिया.

**दिव्यांग ने पीएम मोदी को पेंटिंग भेंट की :** दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी की सूरत यात्रा के दौरान उन्हें सूरत के एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा बनाई गई राम मंदिर की पेंटिंग भेंट की गई. कलाकार ने प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के दौरान अपनी कलाकृति प्रधानमंत्री को भेंट की.प्रधानमंत्री मोदी राम मंदिर की पेंटिंग देखकर खुश हुए और उन्होंने पेंटिंग पर हस्ताक्षर भी किए, जिससे दिव्यांगों की आंखों में खुशी के आंसू देखने को मिले. मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांग कलाकार मनोज से मुलाकात की और उनकी कलाकृति की प्रशंसा की. कलाकार मनोज भिंगारे हाथ न होने के बावजूद अपने चेहरे और पैरों का उपयोग करके कैनवास पर अद्भुत पेंटिंग बनाते हैं. इस कलाकृति को बनाने के लिए मनोज ने लगातार 15 दिनों तक कड़ी मेहनत की थी.

# मोदी का वादा सिर्फ एक जुमला, महिलाओं को नहीं मिली मदद: आतिशी

**नई दिल्ली.**




आप नेता आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि आठ मार्च यानी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली की हर महिला के खाते में 2500 रुपये की राशि आएगी। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं को सलाह दी कि आप अपने बैंक के खाते को अपने बैंक से लिंक कर लीजिए क्योंकि आठ तारीख को आपके पास में मैसेज आएगा कि आपके खाते में ढाई हजार रुपये पहुंच गए।

सीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। इसमें आशीष सूद, प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा शामिल हैं। अब इस पर आम आदमी पार्टी की भी प्रतिक्रिया आ गई है। पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि पैसे देना तो दूर, महिलाओं को कोई योजना या रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल तक नहीं मिला। दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं कि कब ढाई हजार रुपये आएंगे। कब उनके फोन में मैसेज आएगा।'


**मोदी की गारंटी नहीं सिर्फ एक जुमला- आतिशी :** आप नेता ने आगे कहा, 'आज भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली सरकार ने यह साबित कर दिया कि वो मोदी जी की गारंटी नहीं थी, सिर्फ एक जुमला था। आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं को खाते में तो ढाई हजार रुपये नहीं मिले। उनको तो एक स्कीम भी नहीं मिली। यहां तक कि एक रजिस्ट्रेशन का पोर्टल तक नहीं मिला, जिस पर जाकर वह अपने नाम भर दें। अपने खाते की डिटेल डाल दें। अपने आधार कार्ड की डिटेल डाल दें। दिल्ली की महिलाओं को क्या मिला। एक चार सदस्यों की कमेटी मिली। क्या ये था पीएम मोदी का वादा। मैं आठ मार्च को दिल्ली की महिलाओं को चार सदस्यों की कमेटी दूंगा। कहां आने थे ढाई हजार रुपये और कहां मिली दिल्ली की महिलाओं को चार सदस्यों की कमेटी। आज दिल्ली की महिलाओं के साथ भी धोखा हो गया।

**महिला समृद्धि योजना को मिली मंजूरी :** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने वादे को पूरा किया है। उसने राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक नकद सहायता देने के लिए महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दी है। यह घोषणा शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना के क्रियान्वयन के लिए दिल्ली बजट में 5,100 करोड़ रुपये के आवंटन को भी मंजूरी दी। गुप्ता ने आगे बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है और जल्द ही एक पोर्टल भी लॉन्च किया जाएगा। कहां रहेंगी दिल्ली की नई सीएम.

# कर्नाटक के हम्पी में टूरिस्ट्स पर हमला दो महिलाएं यौन उत्पीड़न का शिकार

**कर्नाटक.**

कर्नाटक के हम्पी में एक 27 वर्षीय इजरायली व्यक्ति और एक 29 वर्षीय भारतीय होमस्टे मालिक के साथ बलात्कार किया गया। यह अपराध गुरुवार रात को हुआ। इन महिलाओं के साथ इस समय तीन पुरुष पर्यटक भी मौजूद थे। इनमें से एक पुरुष पर्यटक का शव पुलिस को झील में मिला। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार रात 11 से 11.30 बजे के बीच सनापुर झील के पास हुई। इजराइल से एक महिला पर्यटक, अमेरिका से एक पुरुष पर्यटक, तथा ओडिशा और महाराष्ट्र से एक-एक पुरुष पर्यटक अपने होमस्टे मालिक के साथ यहां घूमने आए थे। इस बार उन पर एक अज्ञात हमलावर ने हमला किया। पुलिस के अनुसार, एक अज्ञात हमलावर ने हमला कर पांचों लोगों को घायल कर दिया। उसने दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न भी किया। रात में सभी लोग झील के किनारे रुककर संगीत का आनंद ले रहे थे। बाइक पर सवार तीन आरोपी रात को टूरिस्ट स्टॉप पर पहुंचे और पेट्रोल




पंप का रास्ता पूछा। चूंकि होमस्टे की मालकिन स्थानीय हैं, इसलिए उन्होंने बताया कि आसपास कोई पेट्रोल पंप नहीं है। फिर दोपहिया वाहन चालकों ने उनसे पेट्रोल मांगा और थोड़ी देर बाद उन्होंने पर्यटकों से पैसे मांगने शुरू कर दिए। जब पर्यटकों ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो बाइक सवार आक्रामक हो गए और पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। जब महिला पर्यटकों के साथ छेड़छाड़ हो रही थी, तो तीन अन्य पुरुष पर्यटक आरोपी को रोकने की कोशिश कर रहे थे।

हाथापाई के दौरान आरोपियों ने तीनों पुरुष पर्यटकों को पास की नहर में धकेल दिया। डेनियल और पंकज तैराकी करने जा रहे थे, इसलिए वे तैराकी करने चले गए। पुलिस ने बताया कि लेकिन ओडिशा का पर्यटक बिबास नहीं मिला। दो अन्य घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुक्रवार की सुबह शहर के पुलिस निरीक्षक प्रकाश माले और अन्य पुलिस अधिकारियों ने डॉग स्क्वायड के साथ जांच शुरू की। घटनास्थल पर एक दोपहिया वाहन, कैमरा बैग, पावर बैंक, पेन, टूटा गिटार, सिगरेट और खून से सने कपड़े मिले। पुलिस अधीक्षक राम अरसिद्दी ने घटनास्थल का दौरा किया और जानकारी ली। इन अपराधों की जांच के लिए छह टीमें नियुक्त की गई हैं। आरोपी जल्द ही पकड़ लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा, "हमने महिला की शिकायत के बाद तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।" पीड़ित महिला होम स्टे मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया। इसके अलावा एक इज़रायली महिला के साथ बलात्कार भी किया गया।





# रूस का यूक्रेन पर बड़ा सैन्य हमला, 14 लोगों की मौत

**रूस.**

रूस ने यूक्रेन पर बड़ा सैन्य हमला कर दिया, जिसमे डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी को दरकिनार कर दिया गया. ड्रोबोपिलिया शहर पर मिसाइल और ड्रोन हमलों में 14 लोगों की जान गई, जिनमें 5 बच्चे भी शामिल हैं. जेलेंस्की ने रूस की इन हरकतों की निंदा करते हुए अमेरिका और अन्य सहयोगियों से मदद मांगी है. यह हमला शांति वार्ता के बीच हुआ है, जिससे तनाव और बढ़ गया है. डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस को दी गई धमकी के अगले ही दिन व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में बड़ा सैन्य हमला कर दिया. यह हमला ऐसे समय में हुआ जब यूक्रेन में शांति समझौते की चर्चाएं हो रही थीं. रूस ने ड्रोबोपिलिया शहर को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 5 मासूम बच्चे भी शामिल हैं. इस हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के इरादों पर सवाल खड़े किए और अमेरिका समेत अन्य सहयोगी देशों से ठोस रणनीतिक कदम उठाने की अपील की. यूक्रेन में शांति समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन इसी दौरान रूस ने बड़ा हमला कर दिया. शुक्रवार रात हुए इस हमले में रूसी सेना ने उत्तरी यूक्रेन के ड्रोबोपिलिया शहर पर मिसाइल और ड्रोन दागे. इस भीषण हमले में 14 नागरिकों की जान चली गई, जिनमें 5 मासूम बच्चे भी शामिल थे, जबकि 37 अन्य घायल हुए. रूसी सेना लगातार डोनेट्स्क क्षेत्र में हमले कर रही है और डोनबास पर पूरी तरह से कब्जे की कोशिश में जुटी है.

**बैलिस्टिक मिसाइलों से तबाही :** खबरों के मुताबिक, रूस ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलें, कई रॉकेट और ड्रोन का इस्तेमाल किया. इस भीषण हमले में 8 बहुमंजिला इमारतें जमींदोज हो गईं और करीब 30 वाहन नष्ट हो गए. इसके अलावा, यूक्रेनी प्रशासन ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में भी रूस की ओर से हमले किए गए, जिसमें तीन और नागरिकों की मौत हो गई.

**पुतिन के इरादे अब भी वही – जेलेंस्की :** इस हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, 'रूस के ऐसे हमले यह दिखाते हैं कि पुतिन के इरादे अब भी वही हैं. हमें अपनी सुरक्षा को और मजबूत करना होगा, अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को बेहतर बनाना होगा और रूस पर और सख्त प्रतिबंध लगाने होंगे. हमें हर उस चीज को रोकना होगा जो पुतिन को इस युद्ध के लिए आर्थिक मदद पहुंचा रही है'

**अमेरिका के साथ गहराते संबंध :** जेलेंस्की ने अमेरिका के साथ लगातार हो रही वार्ता का भी जिक्र किया. उन्होंने बताया कि वे अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ समझौतों पर चर्चा कर रहे हैं. उन्होंने कहा, 'हम उन सभी सहयोगी देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जो शांति के पक्ष में हैं। हम इस दिशा में जरूरी कदम उठा रहे हैं.'

# जयपुर में आईफा अवॉड्र्स पर विवाद 100 करोड़ रुपये का सरकारी अनुदान



**जयपुर.**

जयपुर में आयोजित आईफा अवॉड्र्स पर 100 करोड़ रुपये के सरकारी अनुदान को लेकर विवाद छिड़ गया है. कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने यह अनुदान अवैध रूप से दिया है, जबकि आयोजकों को टिकटों और विज्ञापनों से भारी मुनाफा हो रहा है. कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने जनता के पैसे के इस दुरुपयोग पर सवाल उठाया है.आईफा अपनी सिल्वर जुबली जयपुर में मना रहा है, जहां बॉलीवुड सितारों का जमावड़ा लगा हुआ है. शाहरुख खान, करीना कपूर, करण जौहर, शाहिद कपूर, माधुरी दीक्षित, श्रेया घोषाल और नोरा फतेही जैसी फिल्मी हस्तियां इस आयोजन में शामिल हो रही हैं.राज्य सरकार ने भी इस समारोह से खुद को जोड़ा है, जिसमें पर्यटन विभाग इसका प्रायोजक बना है. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और उद्घाटन समारोह में मंच पर मौजूद रहे. सीएम भजनलाल ने कहा कि हमारे गौरवशाली राज्य की राजधानी जयपुर में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड (आईफा) का सिल्वर जुबली का आयोजन होना गर्व की बात है. आईफा केवल एक अवॉर्ड समारोह नही, बल्कि भारतीय सिनेमा और संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक है, जिससे राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग में नई पहचान मिलेगी.

**क्यों खर्च किया जा रहा है जनता का पैसा? :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने 50 करोड़ रुपये सीधे, 30 करोड़ पर्यटन विभाग से और 20 करोड़ रीको के माध्यम से इस कार्यक्रम में लगाए हैं, खाचरियावास ने सवाल उठाया कि जब आईफा आयोजकों को टिकट बिक्री और विज्ञापनों से 2000-3000 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है, तो जनता के टैक्स का पैसा इसमें क्यों खर्च किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि 2000 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाला आईफा संस्थान शाहरुख खान को ढाई लाख के कमरे में करीना कपूर के लिए 2 लाख 60 हजार का कमरा अन्य सभी फिल्म सितारों के लिए लाखों रुपए के कमरे बुक कराए गए. इन होटल में पूरी दुनिया से आने वाले फिल्मी सितारों को दो लाख से ज्यादा रुपए के कमरों में ठहराया गया है.

**कांग्रेस ने आईफा को 100 करोड़ देने पर उठाया सवाल :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बताना चाहिए कि किस आधार पर आईफा समारोह में 100 करोड़ रुपए दे रही है. आम आदमी प्रदेश में रोटी-रोजी को लेकर परेशान है. गरीब आदमी को रोटी नहीं मिलती है. दवाई-दारु सब महंगी हो गई है. ऐसे में राज्य के बड़े नेता और अधिकारी 100 करोड़ रुपए इस कार्यक्रम में देकर पाप कर रहे हैं.उन्होंने कहा किइसलिए राज्य सरकार को इस मामले में जवाब देना चाहिए, जब आईफा समारोह में 2000 करोड़ से ज्यादा की कमाई यह लोग कर रहे हैं तो 100 करोड़ रुपए राज्य सरकार इनको क्यों दे रही है?कांग्रेस नेता की आलोचना के बाद अब आईफा आयोजन को लेकर राज्य में विवाद पैदा हो गया है, हालांकि राज्य सरकार ने कांग्रेस के आरोप को पूरी तरह से खारिज कर दिया है.

# कमला हैरिस के गवर्नर चुनाव को लेकर अटकलें तेज

**अमेरिका.**

अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 2026 में कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ने पर विचार कर रही हैं. हालांकि, आधिकारिक घोषणा बाकी है, लेकिन गर्मियों तक फैसला आने की उम्मीद है. अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एक बार फिर बड़े राजनीतिक फैसले की ओर बढ़ रही हैं. इस दौरान उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के कई प्रभावशाली नेताओं से मुलाकात की, जिससे उनके संभावित चुनाव अभियान को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं. अगर वह चुनाव लड़ती हैं और जीत हासिल करती हैं, तो वह कैलिफोर्निया के मौजूदा गवर्नर गेविन



न्यूजम की जगह लेंगी.

**कमला हैरिस का राजनीतिक सफर :** कमला हैरिस का राजनीतिक करियर कैलिफोर्निया से ही शुरू हुआ था. उन्होंने 2010 में कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल का पद संभाला और तीन बार राज्य स्तर के चुनाव जीते. 2014 में उन्हें दोबारा अटॉर्नी जनरल चुना गया. इसके बाद, 2016 में उन्होंने अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ा और जीत हासिल की. अपने प्रभावशाली राजनीतिक अनुभव के चलते, 2020 में वह जो बाइडेन के साथ उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनी गईं. हालांकि, 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में वह डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव हार गईं.

**चुनाव में अन्य उम्मीदवारों की स्थिति :** अगर कमला हैरिस कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ती हैं, तो उनके सामने कई अन्य डेमोक्रेट उम्मीदवार भी होंगे। इनमें कैलिफोर्निया की लेफ्टिनेंट गवर्नर एलेनी कूनालाकिस, पूर्व राज्य सीनेट नेता टोनी एटकिन्स, लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर एंटोनियो विल्लाराइगोसा, राज्य के स्कूल निदेशक टोनी थरमंड और पूर्व नियंत्रक बैटी यी जैसे नाम शामिल हैं।

# ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता प्राप्त की, भारत में कानूनी मामलों में नया मोड़

**वानुअतु.**

आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता प्राप्त कर ली है, जिससे भारत में उनके खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में नया मोड़ आया है. वानुअतु एक टैक्स फ्री है, और इसकी नागरिकता से मोदी को भारत में प्रत्यर्पण से बचाने में मदद मिल सकती है. हालांकि, भारतीय सरकार ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है. आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष और भारत से फरार चल रहे ललित मोदी एक बार फिर सुर्खियों में हैं. इस बार चर्चा उनके किसी नए रिश्ते को लेकर नहीं, बल्कि उनकी नई नागरिकता को लेकर हो रही है. ललित मोदी ने दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित छोटे से द्वीपीय देश वानुअतु की नागरिकता ले ली है और इसके साथ ही भारतीय नागरिकता को त्यागने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. वानुअतु की गोल्डन पासपोर्ट स्कीम के तहत महज 1.3 करोड़ रुपये में नागरिकता हासिल की जा सकती है, जिसमें न ज्यादा दस्तावेजो की जरूरत होती है और न ही लंबी कागजी प्रक्रिया. इस देश की खास बात यह है कि यहां कोई इनकम टैक्स, संपत्ति कर या कॉरपोरेट टैक्स नहीं लगता. यही वजह है कि पिछले कुछ सालों में कई अमीर भारतीयों ने यहां की नागरिकता हासिल की है.

**इस देश की ही नागरिकता क्यों? :** भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के



आरोपों का सामना कर रहे ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता इसलिए चुनी क्योंकि यह देश टैक्स हेवन माना जाता है. वानुअतु के पासपोर्ट के जरिए ललित मोदी अब 120 देशों में वीजा फ्री यात्रा कर सकते हैं, जिसमें ब्रिटेन और कई यूरोपीय देश शामिल हैं. खास बात यह है कि यहां नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी तरह की सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ता. ऑनलाइन आवेदन करने के बाद महज एक महीने के भीतर नागरिकता मिल जाती है, और यह सब बिना इस देश में कदम रखे भी संभव है.

**कानूनी शिकंजा बरकरार :** हालांकि, वानुअतु की नागरिकता लेने के बावजूद ललित मोदी के खिलाफ भारत में चल रहे कानूनी मामलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा. भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जैसवाल ने पुष्टि की कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया है. उन्होंने कहा, 'हमने इस बारे में जानकारी प्राप्त की है कि ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिकता ले ली है, लेकिन उनके खिलाफ भारत में दर्ज मामले कानून के अनुसार आगे बढ़ते रहेंगे.'

**2010 में ब्रिटेन भागे थे ललित मोदी :** ललित मोदी 2010 में भारत छोड़कर ब्रिटेन भाग गए थे. उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के कई आरोप हैं. भारत सरकार ने कई बार उनके प्रत्यर्पण की मांग की, लेकिन ब्रिटेन की कानूनी प्रक्रिया के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी. अब जब उन्होंने भारतीय नागरिकता छोड़ दी है, तो इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है. हालांकि, ललित मोदी खुद पर लगे आरोपों को हमेशा से खारिज करते आए हैं और इसे राजनीतिक साजिश करार देते हैं.

**क्या अब भारत ला पाना मुश्किल होगा? :** वानुअतु की नागरिकता लेने से ललित मोदी को एक बड़ा फायदा यह होगा कि अब भारत सरकार के लिए उनका प्रत्यर्पण और मुश्किल हो सकता है. वानुअतु का भारत के साथ कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है, जिसका मतलब यह है कि यदि वे इस देश में रहते हैं, तो उन्हें कानूनी रूप से भारत वापस लाना लगभग असंभव होगा. हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत सरकार इस पर क्या कदम उठाती है और ललित मोदी के खिलाफ चल रहे मामलों को कैसे आगे बढ़ाती है.

# सीएम योगी ने गौतमबुद्ध नगर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया

## > कई विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण

**नई दिल्ली.**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के एनटीपीसी प्रांगण में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया. यह कार्यक्रम साठा चौरासी क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण था, जिन्होंने लंबे समय से इस प्रतिमा की स्थापना की मांग कर रहे थे. सीएम योगी ने अपने भाषण में महाराणा प्रताप को राष्ट्रीय नायक बताया और उनकी वीरता को याद किया। इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया गया.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद गौतमबुद्ध नगर के एनटीपीसी प्रांगण में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया. इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र



नायकों के सम्मान के बिना वर्तमान पीढ़ी आगे नहीं बढ़ सकती है.

सीएम योगी ने कहा कि नायक तो महाराणा प्रताप हैं, अकबर नायक नहीं हो सकता है. नायक छत्रपति शिवाजी महाराज हैं, औरंगजेब नायक नहीं हो सकता है. उन्होंने कहा कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में आज राष्ट्रीय गौरव, वीर शिरोमणि 'हिंदुआ सूर्य' महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण, विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण या शिलान्यास तथा औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन राशि के संवितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में सहभाग किया.

**महाराणा की प्रतिमा के अनावरण पर खुशी :** साठा चौरासी क्षेत्र के लोगों ने जनपद गौतमबुद्ध नगर में मूर्ति अनावरण पर खुशी जाहिर की. एनटीपीसी प्रांगण में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगने का प्रयास पिछले काफी समय स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था.

योगी आदित्यनाथ ने एनटीपीसी प्रांगण में महाराणा प्रताप जी की मूर्ति का अनावरण किया, जिस स्थानीय लोगों में एक खुशी की लहर है. राजपूत समाज ने खुशी जाहिर की है. स्थानीय लोगों ने योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज दादरी के एनटीपीसी पहुंचकर महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया. यह साठा चौरासी क्षेत्र राजपूत बाहुल्य क्षेत्र है, जहां कई विधानसभा जुड़ती है और वह सभी राजपूत बाहुल्य है.

**प्रतिमा के अनावरण पर लोगों ने कही ये बात :** इस मूर्ति के अनावरण के बाद अब यहां के स्थानीय लोगों का साफ तौर कहना है कि लंबे समय से हम महाराणा प्रताप की मूर्ति के अनावरण का इंतजार कर रहे थे, लेकिन यह सिर्फ योगी आदित्यनाथ के होते ही सफल हो पाया है और वही यहां पर पहुंचे. अब इसके बाद उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि 2027 में एक बार फिर से योगी आदित्यनाथ ही आएंगे क्योंकि पूरे राजपूत समाज को उन्होंने एक कर दिया है. लोगों ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूतों के नहीं, बल्कि वह हिंदू हृदय सम्राट थे और सभी के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी थी. मौके पर मौजूद युवाओं ने भी जमकर योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और उन्होंने कहा कि 2027 में योगी आदित्यनाथ ही फिर से सीएम बनेंगे.

# श्रमिकों को दो साल में केवल एक बार पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र देना होगा: विधायक जोरगेवार

> चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र की बैठक में दिए निर्देश

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र के श्रमिकों को हर छह महीने में पुलिस सत्यापन प्रस्तुत करना अनिवार्य था। हालांकि , विधायक किशोर जोरगेवार ने इस शर्त को अनुचित बताते हुए चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र के आला अधिकारियों को तुरंत पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। इसके बाद अब यहां काम करने वाले श्रमिकों को हर दो साल में केवल एक बार ही पुलिस सत्यापन कराना होगा।

श्रमिकों , किसानों और स्थानीय नागरिकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विधायक किशोर जोरगेवार की अध्यक्षता में हिराई रेस्ट हाउस में चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अभियंता विजय राठोड , उप मुख्य अभियंता श्याम राठोड , उप मुख्य अभियंता अमित बैंकर , उप मुख्य अभियंता नितिन रोकडे , प्रभारी उप मुख्य अभियंता अशोक उमरे , अधीक्षण अभियंता महेश राजुरकर , कल्याण अधिकारी दिलीप वंजारी , उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) नंदकिशोर चन्ने के साथ भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर सेवक सुभाष कासनगोट्टूवार , पूर्व महानगर अध्यक्ष दशरथ सिंह ठाकुर , प्रकाश देवताले , एमआईडी सचिव संदीप बांतिया, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर अहीर , कामगार संगठन के हरमन जोसेफ , करण नायर , अमोल शेंडे , विश्वजीत शाह , छोटा नागपुर उपसरपंच ऋषभ दुपारे , कार्तिक बोरवार उपस्थित थे।



इस बैठक में चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र के श्रमिकों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र प्रशासन ने हर छह माह में पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र जमा करने का नियम लागू किया था , जिसके कारण श्रमिकों को कई वर्षों तक बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ा। चूंकि यह स्थिति श्रमिकों के लिए कठिन हो रही है , इसलिए विधायक किशोर जोरगेवार ने उक्त नियम को बदलने का निर्देश दिया। इसलिए अब श्रमिकों को हर दो साल में केवल एक बार पुलिस सत्यापन कराना होगा। इसके अलावा पहले श्रमिकों को एक महीने के लिए गेट पास दिए जाते थे , लेकिन अब इसकी सीमा बढ़ाकर तीन महीने कर दी गई है। इस निर्णय से श्रमिकों पर अनावश्यक बोझ कम होगा और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

इस बैठक में स्पष्ट किया गया कि तिरुपति कंस्ट्रक्शन कंपनी और अमोल बाबा कंस्ट्रक्शन कंपनी के यूनिट 8 और 9 बेल्ट ऑपरेटरों को 19 प्रतिशत वेतन वृद्धि अभी तक नहीं मिली है। इसलिए, विधायक किशोर जोरगेवार ने 18 फरवरी 2025 तक बकाया वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए। साथ ही, नई निविदा लागू होने के बाद भी वेतन वृद्धि लागू नहीं होने से श्रमिकों ने जनवरी से वेतन वृद्धि की मांग की थी। बैठक में इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कुणाल एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों को वेतन न मिलने , केवल 50% वेतन का भुगतान, पीएफ से संबंधित शिकायतों जैसे गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मामले की जांच कर तत्काल उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यूनिट 8 और 9 में बेल्ट ऑपरेटरों और बंकर ऑपरेटरों को उनके कौशल के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

द्वारका लेआउट और राउत लेआउट में वर्षा जल भराव की समस्या के समाधान के लिए सीमेंट कंक्रीट और आरसीसी बॉक्स बनाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र से होकर बहने वाले नालों की सफाई और गहरीकरण करने के भी निर्देश दिए।

विधायक किशोर जोरगेवार ने पर्यावरण के दृष्टिकोण से प्रदूषण को नियंत्रित करने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, फ्लाई ऐश का प्रबंधन करने और स्थानीय क्षेत्रों में राख के स्वास्थ्य और कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों को दूर करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। स्थानीय विकास एवं रोजगार के अनुरूप वर्तमान में कार्यरत स्थानीय एवं बाहरी श्रमिकों का अनुपात स्पष्ट करने के लिए सूचना एकत्र करने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने का भी निर्णय लिया गया।

चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र अधिकारियों ने कहा है कि यह बैठक श्रम अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय विकास के लिए महत्वपूर्ण रही है और बैठक में लिए गए निर्णयों को तुरंत लागू किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र कार्यकर्ता , किसान और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। चंद्रपुर महाऔष्णिक बिजली केंद्र अधिकारियों ने कहा है कि यह बैठक श्रम अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय विकास के लिए महत्वपूर्ण रही है और बैठक में लिए गए निर्णयों को तुरंत लागू किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता , किसान और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## महात्मा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित होगा : मुनगंटीवार

> भारत रत्न के लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा- मंत्री जयकुमार रावल ने की घोषणा



**चंद्रपुर.**

राज्य प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल ने आज घोषणा की कि, क्रांतिसूर्य महात्मा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने के लिए विधानसभा में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने इस संबंध में एक गैर-सरकारी प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रोटोकॉल राज्य मंत्री जयकुमार रावल ने घोषणा की कि इस संबंध में एक प्रस्ताव अगले सप्ताह विधानसभा में पारित किया जाएगा।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार विधानसभा के 100 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र देश के गौरव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगे। मुनगंटीवार ने आज विधानसभा में एक गैर-सरकारी संकल्प पेश किया। मांग की जा रही है कि विधान सभा को वंचितों के लिए और महिला शिक्षा के लिए उनके काम को मान्यता देते हुए क्रांतिसूर्य महात्मा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई को भारत रत्न देने के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।

यह अनुरोध करते समय. सुधीर मुनगंटीवार ने महात्मा फुले और उनकी पत्नी द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। आज विधानसभा में 21 महिला विधायक हैं। इसके लिए क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले द्वारा किए गए बलिदान का फल है। इस दम्पति ने प्रगतिशील एवं मानवीय विचार प्रस्तुत किये। देश में सामाजिक प्रबोधन का एक नया आन्दोलन स्थापित हुआ। इसी के कारण महाराष्ट्र का निर्माण हुआ। मुझे लगता है कि ऐसे व्यक्तियों को यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार देकर इस हॉल को पवित्र किया जाएगा।

10 मार्च को सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि है। उन्होंने कहा कि यदि इस पुण्यतिथि पर यह प्रस्ताव पारित किया जाता है तो यह उचित होगा। मुनगंटीवार ने कहा कि इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद इसका अनुपालन भी किया जाना चाहिए। अब तक 48 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें से 14 लोगों को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। केंद्र सरकार से मांग की कि 49वां सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न, क्रांतिसूर्य महात्मा फुले और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले को प्रदान किया जाए।

इस अनौपचारिक प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल ने कहा कि मुनगंटीवार द्वारा व्यक्त की गई भावनाएं इस राज्य सरकार की भावनाएं हैं। फुले दम्पति न केवल देश के लिए बल्कि विश्व के लिए भी मार्गदर्शक हैं। राज्य सरकार उनकी स्मृति को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में अगले सप्ताह विधानसभा में एक विधेयक पेश करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुनगंटीवार द्वारा प्रस्तुत गैर-सरकारी प्रस्ताव को सरकारी प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**मेरे लिए गर्व और सौभाग्य का क्षण।**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आज विधानसभा में अस्पृश्यता उन्मूलन और महिला शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करने वाले क्रांतिकारी सूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले और क्रांतिकारी ज्योति सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित करने का संकल्प प्रस्तुत करना मेरे लिए गौरव और सौभाग्य का क्षण है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के इस महान रत्न, जिस महान व्यक्तित्व ने हम सभी के लिए शिक्षा नामक अद्भुत अमृत का पान संभव बनाया, को विश्वभर में 'भारत रत्न' के रूप में मान्यता प्राप्त है। मैं विधानसभा में सरकारी संकल्प के माध्यम से यह प्रस्ताव लाने के लिए सरकार को बधाई और आभार व्यक्त करता हूं ऐसी भावनाएं मुनगंटीवार ने व्यक्त की।



## राज्य स्तरीय स्कूल प्रतियोगिता में केजीएन स्कूल के छात्रों की सफलता

**चंद्रपुर.** राज्य स्तरीय अखाड़ा खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन खेल एवं युवा सेवा निदेशालय महाराष्ट्र राज्य पुणे द्वारा गांधी मैदान पवनी में किया गया, जिसमें केजीएन पब्लिक स्कूल एवं जूनियर कॉलेज चंद्रपुर के छात्र शिवम संजय धवले ने 25 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सांकेतिक के छात्र मुकेश पिंपलकर ने 25 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों को स्कूल के खेल शिक्षक स्वप्निल डंभारे से उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और उनका चयन ओडिशा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

स्कूल के संस्थापक शेख महमूद और प्रिंसिपल सुजाता कर्मणकर ने विजेता छात्रों को उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया।

## मामूली विवाद में पुलिस कर्मी की हत्या, एक पुलिस कर्मी गंभीर

> चंद्रपुर शहर के बार में हुई वारदात.
> हत्यारे आकाश शिर्के और पांच अन्य आरोपी पुलिस हिरासत में.

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर शहर पुलिस थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर पुलिस कर्मी की हत्या से शहर में और पुलिस महकमे में सनसनी फैल गई. शहर के बीचोबीच पठानपुरा रोड पर स्थित पिंग पैराडाइज बार में बीती रात 9 बजे के लगभग हुए मामूली विवाद में आकाश शिर्के और पांच अन्य आरोपियों ने पुलिस कर्मी दिलीप चव्हाण और पुलिस कर्मी संदीप चाफले पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पुलिस कर्मी दिलीप चव्हाण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पुलिस कर्मी संदीप चाफले को जिला सामान्य अस्पताल से चेपुरवार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, बताया जा रहा है कि उनकी हालत बहुत गंभीर होने के कारण उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया है। इस वारदात ने चंद्रपुर शहर को हिलाकर रख दिया है।



रात करीब 9:00 बजे शहर के पठानपुरा रोड पर स्थित पिंग पैराडाइज बार में कुछ लोग शराब पी रहे थे। ड्यूटी खत्म होने के बाद जब पुलिस कर्मी दिलीप चव्हाण और पुलिस कर्मी संदीप चाफले बार में आए तो उनमें कुछ युवको की कहासुनी हो गई। पुलिस कर्मियों ने काफी शराब पी चुके आरोपी को समझाया कि वह ज्यादा शोर न मचाए लेकिन गुस्से में आरोपी ने अपने कुछ साथियों को बुलाकर घर जा रहे पुलिस कर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें पुलिस कर्मी दिलीप चव्हाण की मौके पर ही मौत हो गई और संदीप चाफले गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से चंद्रपुर शहर में काफी सनसनी फैल गई है और पुलिस ने महज कुछ घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना की खबर शहर में जंगल की आग की तरह फैल गई है और शहर के पुलिस स्टेशन पर नागरिकों की भारी भीड़ जमा हो गई है। इस बीच पुलिस ने बार मालिक बनकर और अन्य बार कर्मचारियों को पूंछताछ के लिए थाने ले आई है। मृतक पुलिसकर्मी दिलीप चव्हाण के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सामान्य अस्पताल में रखवा दिया गया है।

## राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ इंटक ने विश्व महिला दिवस उत्साह से मनाया

**चंद्रपुर.**

8 मार्च महिला अंतर्राष्ट्रीय दिन को निमित्त साधकर सद्भावना भवन में राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ , इंटक कार्यालय पर दुर्गापुर क्षेत्र की महिलाओं के सम्मान में दुर्गापुर के पदाधिकारी विशेष कर किशोर ढूंमने , योगेश कॉमेडी और उनके युवा साथियों ने महिलाओं की बैठक का आयोजन कीया. जिसमें प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में विख्यात समाजसेविका विजय बांगडे उपस्थित थी , कार्यक्रम के के सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच पर चंद्रपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष रितेश तिवारी , सुनील तायडे , अभिलाषा सिंह एवं के के सिंह की माता सिया देवी विराजमान थी । इस अवसर पर सर्वप्रथम महिला शक्ति स्वरूप सावित्रीबाई फुले एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के फोटो को माल्यार्पण और उन्हें नमन कर मंच पर उपस्थित सभी मान्यवरों का पुष्प देकर सम्मान किया गया । जोशना मिस्त्री ने मधुर आवाज में भक्तिमय भजन गया , सभा का संचालन कुशल काड़े और आभार प्रदर्शन सुनीता घोरमाडे ने किया ।



प्रमुख अतिथि विजया बांगडे , के के सिंह और सुनील तायडे ने महिलाओं को उनके सम्मान , उनके कार्य , उनका समाज में योगदान हेतु उनकी सराहना की उनका आभार माना और अपने हक अपनी एकता को बनाए रखने का आवाहन भी किया । इसके उपरांत आज के दिन हेमा तिवारी का जन्मदिन भी था जिन्हें पुष्प गुच्छा देकर सभी ने भविष्य की शुभकामनाएं और बधाई दी ।इसके साथ यादगार स्वरूप एक छोटी सी भेंट सभी उपस्थित महिलाओं को दी गई और सभी ने कार्यक्रम के उपरांत भोजन का आनंद लिया । सभा का समापन एक अच्छे वातावरण में एक बहुत ही सम्मान तरीके से हुआ । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में देवदास अखाड़े, खुशल काडे, दीपक आमने इत्यादि का विशेष योगदान अविनाश लांजेवर के नेतृत्व में रहा ।

## चंद्रपुर जिले के औद्योगिक, शैक्षणिक और पर्यटन विकास को मिलेगी नई दिशा: मुनगंटीवार

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर जिले के औद्योगिक, शैक्षणिक, खेल और पर्यटन विकास को नई दिशा देने के लिए पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य राज्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने पहल की है। चंद्रपुर जिले के युवाओं, विद्यार्थियों और बेरोजगारों की समृद्धि के लिए उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार को एक ज्ञापन दिया है।

मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में विधायक मुनगंटीवार ने चंद्रपुर जिले के जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। मांग यह है कि 2025-26 का बजट पेश करते समय कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर घोषणाएं की जाएं। इनमें फर्नीचर क्लस्टर, मूल में पॉलिटेक्निक कॉलेज, खेल सुविधाएं, पोम्भुर्ना एमआईडीसी और ताडोबा को देश के पर्यटन केंद्रों में शामिल करना शामिल है, इन सभी मुद्दों पर मुनगंटीवार ने ध्यान आकर्षित किया है। चंद्रपुर जिले का सागौन अब देश में सर्वोत्तम लकड़ी के रूप में जाना जाने लगा है। विधायक सुधीर मुनगंटीवार के नेतृत्व में देश की पहचान, गौरव और श्रद्धा के प्रतीक भगवान श्री रामचंद्र के मंदिर के लिए आवश्यक लकड़ियों की आपूर्ति बल्लारपुर डिपो से की गई। इसके अलावा, नए संसद भवन में सेंट्रल विस्टा बिल्डिंग के लिए लकड़ी भी बल्लारपुर से ही आपूर्ति की गई थी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यालय के लिए चंद्रपुर जिले की विश्व प्रसिद्ध सागौन की लकड़ी का उपयोग किया गया है। इस पृष्ठभूमि में, जिले में फर्नीचर क्लस्टर स्थापित करके जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का इरादा रखते हैं। मुनगंटीवार ने पत्र में यह बात व्यक्त की कि, फर्नीचर क्लस्टर के लिए चंद्रपुर के ताड़ाली एमआईडीसी में दस एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। मांग है कि फर्नीचर क्लस्टर के लिए एफडीसीएम में 75 करोड़ रुपये की घोषणा की जाए। इसके अलावा मांग की कि चंद्रपुर जिले के शैक्षणिक विकास के लिए मुल में एक नए पॉलिटेक्निक कॉलेज की भी बजट में घोषणा की जानी चाहिए। गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिले खनिज संसाधनों से समृद्ध हैं और इन संसाधनों पर आधारित उद्योग इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर स्थापित हो रहे हैं। इसके लिए मांग यह है कि पोम्भुर्ना में 5,000 एकड़ में एमआईडीसी की घोषणा की जाए। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि ये सभी मुद्दे चंद्रपुर जिले के साथ-साथ विदर्भ के अन्य जिलों के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। ताडोबा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पर्यटन की दृष्टि से ताड़ोबा को सभी सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा केंद्र व राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी निवेशकों के माध्यम से इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बनाने की घोषणा की जानी चाहिए।






# विजय संग ब्रेक के बाद पहली बार तोड़ी तमन्ना ने चुप्पी!



फिल्म इंडस्ट्री में रिश्तों का बनना और बिगड़ना बेहद आम सी बात हो गई है. रिश्तें बनते देर नहीं होती है कि कुछ ही सालों में उनके टूटने की खबरें आनी शुरू हो जाती हैं. बीते कुछ दिनों से खबरें आ रही हैं कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का ब्रेकअप हो गया है. दोनों का रिश्ता ठीक नहीं चल रहा है. ऐसे में कहा जा रहा है कि तमन्ना और विजय ने आपसी सहमती से अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए हैं. ब्रेकअप की खबरों के बीच अब तमन्ना भाटिया का रिएक्शन सामने आया है. हालांकि उनकी बातें दोनों के ब्रेकअप की खबर को कंफर्म करती हुई नजर आ रही हैं.



लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के दौरान तमन्ना और विजय करीब आए थे. दोनों ने खुलकर अपने प्यार का इजहार भी किया है. विजय का मानना है कि वो छिपाने में यकीन नहीं रखते हैं. हाल ही में ल्यूक कॉउटिन्हो को दिए गए इंटरव्यू के दौरान तमन्ना ने विजय और अपने रिश्ते पर तो कोई बात नहीं की. लेकिन उन्होंने प्यार और रिलेशनशिप के मुद्दे पर खुलकर बात की. तमन्ना की मानें तो प्यार में किसी तरह की कोई शर्त नहीं होती. अगर ऐसा है तो वो प्यार नहीं हो सकता.

तमन्ना ने आगे कहा कि आप प्यार में किसी से उम्मीद या अपेक्षा नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो वो प्यार नहीं बिजनेस है. एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें लगता है कि प्यार और इमोशन एक समान हैं. आप अपने पालतू जानवर को प्यार करते हैं, मां-पिता से प्यार करते हैं, अपने पार्टनर को चाहते हैं. ये प्यार हैं, जो आप अलग-अलग तरीके से दिखाते हैं. उन्हें ये महसूस हुआ कि अगर वह किसी से प्यार करती हैं तो उन्हें उसे फ्री रखना होगा. उन्हें लगता है कि आप उस व्यक्ति पर अपने विचार थोपकर प्यार नहीं कर सकते. आप उन्हें वैसे ही प्यार करते हैं, जैसे वे हैं और जो वे बनने जा रहे हैं. क्योंकि लोग स्थिर नहीं होते, इंसान बदलता रहता है.



# खुले बाल और लंबे नाखूनों में सोनाक्षी का रौद्र रूप

सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर सुर्खियों में हैं.इस बार वह अपनी मुस्लिम हसबैंड जहीर इकबाल संग शादी को लेकर नहीं बल्कि अपनी नई फिल्म को लेकर छाई हुई हैं.आज यानी 8 मार्च विमेंस डे के दिन उनका फिल्म जटाधारा से पहला लुक सामने आ गया है.जिसे देखकर सोशल मीडिया पर खलबली मच गई है.हर कोई सोनाक्षी सिन्हा की पहली झलक को देखकर हैरान हो रहा है.वह लंबे बाल, लंबे नाखून से बेहद पावरफुल नजर आ रही है।

सोनाक्षी सिन्हा पिछले काफी समय से बॉलीवुड से दूर हैं, लेकिन अब जल्द वह नई फिल्म में नजर आने वाली हैं.एक्ट्रेस ने तेलुगु इंडस्ट्री में फिल्म "जटाधारा" के साथ कदम रख दिया है.इसी फिल्म से उनका लुक सामने आया है.सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर जी स्टूडियो के साथ एक कोलैब पोस्ट में फिल्म का पोस्टर शेयर किया है.पोस्टर में सोनाक्षी एक आकर्षक और गंभीर लुक में नजर आ रही हैं.उन्होंने सुनहरे रंग का हेडपीस, चूड़ियां और अंगूठियां पहन रौद्र रूप दिखाया है.पोस्टर में उनका मेकअप काफी बोल्ड है.उन्होंने आंखों में गहरा काजल, लाल बिंदी और माथे पर तिलक लगाया हुआ है.साथ ही खुले बाल में सोनाक्षी ने अपने चेहरे के एक हिस्से को अंगूठियों और लंबे नाखूनों से सजे अपने हाथ से ढका हुआ है, जो काफी रहस्यमय लग रहा है.साथ ही कैप्शन में लिखा है, "इस महिला दिवस पर #जटाधारा में शक्ति और शक्ति की किरण जगमगा रही है!

बता दें, फिल्म जटाधारा एक एक्शन, पौराणिक कथाओं और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है.अब इसपर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं.एक यूजर ने लिखा, "आ गई हमारी सोनाक्षी.दूसरे ने लिखा,"सोनाक्षी का रूप देवी मां जैसा लग रहा है।" एक अन्य यूजर ने लिखा, क्वीन इज बैक।

# 400 करोड़ी 'सिकंदर'रीमेक है या ओरिजिनल?



सलमान खान मार्च के अंत तक अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' को रिलीज करने के लिए तैयार हैं. ईद पर फैन्स को खास तोहफा देने की सलमान की तैयारी पक्की है. इस फिल्म का फैन्स दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं. एक साल बाद सलमान लीड फिल्म लेकर थिएटर में लौट रहे हैं.ऐसे में भाईजान की फैन आर्मी का स्वागत करना तो बनता ही है. 'सिकंदर' को 400 करोड़ के बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है. वहीं माना जा रहा है कि सलमान ने इस फिल्म के लिए 120 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं. ऐसे में लंबे वक्त से लोगों के दिमाग में एक सावल घूम रहा है कि 'सिकंदर' की कहानी रीमेक है या ओरिजिनल?अब 'सिकंदर' के डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस ने इस सवाल का जवाब दिया है. फिल्म को लेकर डायरेक्टर का साफ-साफ कहना है कि "ये पूरी तरह ओरिजिनल स्टोरी है. सिकंदर का हर सीन, हर फ्रेम ऑथेंटिक तरीके से डिज़ाइन और एक्सीक्यूट किया गया है, ताकि दर्शकों को एक फ्रेश एक्स-पीरियंस मिल सके. सिकंदर किसी भी फिल्म का रीमेक या अडैप्टेशन नहीं है. फिल्म की ओरिजिनैलिटी का एक बड़ा हिस्सा है इसका दमदार बैकग्राउंड स्कोर, जिसे बेहद टैलेंटेड संतोष नारायणन ने तैयार किया है.

अपनी बात को पूरा करते हुए डायरेक्टर ने कहा कि संतोष नारायणन का म्यूजिक इस फिल्म की एनर्जी से भरे टोन और धमाकेदार विजुअल्स को परफेक्टली मैच करता है, जिससे हर सीन का इमोशनल इम्पैक्ट और भी बढ़ जाता है. यानी अब तक जो भी इस बात पर यकीन कर रहा था कि ये सिकंदर रीमके हो सकती है, तो ये बात अब पूरी तरह से साफ हो गई है कि ऐसा कुछ नहीं है. सलमान बिल्कुल नई कहानी फैन्स के लिए लेकर आ रहे हैं.

# नेशनल अवॉर्ड विजेता डि इम्मान का एक्स अकाउंट हैक!


तमिल सिंगर और म्यूजिक कंपोजर डी इम्मान ने अपने प्रशंसकों से खास अपील की है.उन्होंने बताया कि उनका आधिकारिक एक्स (ट्विटर) हैंडल हैक हो गया है।सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर डी इम्मान ने लिखा,नमस्ते, आप सभी को बताना चाहता हूं कि मेरा ऑफिसियल एक्स (ट्विटर) अकाउंट हैक हो गया है.कृपया किसी भी अनधिकृत पोस्ट को अनदेखा करें.रिकवरी पर काम कर रहा हूं.मैं ईमानदारी से एक्स (ट्विटर) सपोर्ट से अनुरोध करता हूं कि वह मेरे अकाउंट को बहाल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें।म्यूजिक डायरेक्टर ने आगे बताया, हैकर ने मेरे अकाउंट से जुड़े ईमेल और पासवर्ड को बदल दिया है और पिछले 24 घंटों में कंटेंट भी पोस्ट किया है.मैं पिछले 20 सालों से संगीत जगत में हूँ.विश्वसनीयता और फैंस के लिए संबंध मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।हैकर द्वारा पोस्ट की गई कोई भी भ्रामक या अनधिकृत सामग्री मेरा प्रतिनिधित्व नहीं करती है.

# इंडियाज गॉट लैटेंट पर मीका का निशाना!



इंडियाज गॉट लेटेंट का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. समय रैना के इस शो पर लोग लगातार सवाल उठाते हुए नजर आ रहे हैं. समय रैना, रणवीर इल्लाहबादिया और शो में पैनलिस्ट रहे कई बाकी गेस्ट अभी भी अपनी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं. सभी के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है और पूछताछ का सिलसिला भी पूरा हो चुका है. अब इसी बीच बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह ने अपना रिएक्शन शेयर किया है. अपने हालिया इंटरव्यू में मीका ने इंडियाज गॉट लेटेंट का हिस्सा बनना रणवीर की सबसे बड़ी गलती बताया. पिंकविला से बात करते हुए मीका ने इस कॉन्ट्रोवर्सी पर रिएक्शन देते हुए कहा, "समय रैना के साथ मेरा कोई निजी मुद्दा नहीं है. वह एक प्यारा लड़का है. बहुत से लोगों ने मुझे बताया है कि वह मेरा बहुत बड़ा फैन है और एक बेहतरीन म्यूजिशियन भी है. रणवीर भी बहुत अच्छे हैं. वह एक शालीन और संतुलित इंसान हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी गलती ये थी कि उन्हें शो में नहीं जाना चाहिए था. उनके शो बहुत अलग हैं. रणवीर का शो बहुत सभ्य और सम्मानजनक है. समय के शो के दर्शक अलग हैं. अगर वह वहां नहीं जाते, तो यह मुद्दा नहीं उठता.उन्होंने आगे कहा, "समय के शो पर और भी अश्लील बातें कही गई हैं और अगर आप भारत जैसे देश में इस तरह की घटिया बातें कहेंगे तो यह दुखद होगा. सिर्फ़ इसलिए कि समय सक्सेसफुल हुआ है, बहुत से लोग उसके जैसा बनना चाहते हैं, लेकिन यह गलत है.

# हिना खान ने कैंसर से लड़ने की दिखाई हिम्मत!



हिना खान टीवी का एक फेमस चेहरा हैं.वह इन दिनों कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही हैं.जहां एक तरफ हिना खान कैंसर स्टेज 3 से लड़ने के लिए हिम्मत दिखाती नजर आती हैं.वहीं, कह कभी-कभी हार भी मान लेती हैं.अक्सर उनके फैंस उनके लिए दुआ मांगते नजर आते हैं.हिना खान अब कैंसर पीड़ितों के लिए एक मिसाल बन गई हैं.वैसे हिना खान जब पोस्ट करती हैं तो वह इमोशनल नजर आती हैं और उनके फैंस उन्हें हिम्मत देते हैं, लेकिन इस बार उल्टा हुआ है.हिना ने लेटेस्ट पोस्ट में कैंसर की बीमारी से लड़ने के लिए पोस्ट किया, जिसके बाद उनके फैंस की आंखों में पानी आ गया। हिना खान ने विमेंस डे पर एक पोस्ट शेयर किया.इसमें उन्होंने कुछ लाइंस बोली.जो फैंस को काफी पसंद आई.हिना खान ने हिम्मत करते हुए लिखा,भले ही हम जख्मी हो, लेकिन हम कभी डरेंगे नहीं.हम हैं तो संभव है.हिना खान के इस स्पीच और पोस्ट से फैंस उनका समर्थन कर रहे हैं.उनका कहना है कि कैंसर से लड़ने के लिए हिना खान जैसा इंसान होना जरूरी है.हिना खान भले ही कितना भी डरी हुई हों या आहत हो पर वह कभी उसे बाहर लेकर नहीं आती.हिना खान स्टेज 3 के कैंसर के बीच भी अपने काम पर पूरा फोकस कर रही हैं.वह हर दिन कभी इवेंट तो कभी कोई शो का हिस्सा बनीं नजर आती हैं.उनके इस अंदाज को देख फैंस इमोशनल हो रहे हैं और वह हर दिन प्रार्थना करते हैं कि हिना ठीक हो जाएं। हिना खान के लिए कुछ सोशल मीडिया पर यूजर्स ने कमेंट भी किए हैं.एक यूजर ने लिखा,हिना खान एक दिन जरूर कैंसर को हरा देंगी.दूसरे ने लिखा,हिना तुम बहादुर हो.तीसरे ने लिखा,हिना बस भगवान पर भरोसा रखो एक दिन सब ठीक हो जाएगा।

# अनुपमा में दमदार कैरेक्टर की एंट्री



लोकप्रिय शो अनुपमा को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है.मेकर्स ने अनुपमा का नया धमाकेदार प्रोमो रिलीज कर दिया है.कहानी में इस बार पहले से ज्यादा ट्विस्ट और सस्पेंस देखने को मिलेगा.ऐसा इसलिए क्योंकि 'अनुपमा' में एक नया मोड़ आने वाला है, जहां एक दमदार कैरेक्टर की एंट्री होगी.इसका प्रसारण कब और कहां होगा? आइए इसके बारे में जानते हैं। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा में राघव की एंट्री से शो का रोमांच बढ़ जायेगा.मनीष गोयल शो में राघव के किरदार में नजर आएंगे, जो कहानी में नया ट्विस्ट और सस्पेंस जोड़ने वाले हैं.हालांकि, उनके किरदार को लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन चर्चा है कि उनकी एंट्री शाह और कोठारी परिवार की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकती है।मनीष गोयल, जो अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं, उनकी एंट्री से शो में नया तड़का लगने वाला है.



# तनुश्री को यौन उत्पीड़न मामले में लगा झटका

बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस रह चुकी तनुश्री दत्ता ने इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार नाना पाटेकर पर बदसलूकी के आरोप लगाए थे.उनका आरोप था कि एक फिल्म के सेट पर उनका यौन उत्पीड़न किया गया है.तनुश्री दत्ता ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाई थी.अब कोर्ट ने उस मामले में फैसला सुना दिया है.कोर्ट ने तनुश्री दत्ता की याचिका को खारिज कर दिया है और नाना पाटेकर को राहत मिल गई है।



साल 2018 में #मि टू मूवमेंट के चलते तनुश्री दत्ता को मुंबई की एक कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है.कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए तनुश्री दत्ता की याचिका को खारिज कर दिया है.तनुश्री दत्ता ने बताया था कि नाना पाटेकर ने साल 2008 में आई फिल्म 'हॉर्न ओके प्लीज' के सेट पर एक गाना करते समय उन्होंने उनके साथ गलत व्यवहार किया था.तनुश्री ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि शूटिंग के दौरान नाना पाटेकर ने डांस स्टेप्स सिखाने के बहाने उन्हें गलत तरीके से छुआ था, लेकिन अब सालों बाद इस मामले में नाना पाटेकर को राहत मिल गई है।

तनुश्री दत्ता ने बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है और उनकी केमिस्ट्री फैंस को इमरान हाशमी के साथ आई फिल्म "आशिक बनाया आपने" में लोगों को बेहद पसंद आई थी.इसके बाद भी उन्होंने कई फिल्मों में काम किया.फिर धीरे-धीरे उन्हें काम मिलना बंद हो गया और उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली, लेकिन यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद अक्सर एक्ट्रेस सुर्खियों में रही हैं।

# आईफा ने महिलाओं के योगदान को अनोखे अंदाज में किया सेलिब्रेट



आईफा के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के तहत जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक खास इवेंट आयोजित किया गया.'द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा' नाम के इस इवेंट में बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और ऑस्कर विजेता प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अपनी जर्नी और अनुभव साझा किए.इस चर्चा को आईफा की वाइस प्रेसिडेंट नोरीन खान ने होस्ट किया.माधुरी दीक्षित ने कहा कि बीते कुछ समय में सिनेमा में महिलाओं के किरदार समय के साथ मजबूत हुए हैं। बॉलीवुड में 39 साल का सफर तय कर चुकीं माधुरी दीक्षित ने कहा- "पहले महिला किरदार सिर्फ सहायक भूमिकाओं तक सीमित थे, लेकिन अब वे कहानियों के केंद्र में आ रहे हैं।" उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ महिला सशक्तिकरण और उनके किरदारों में मजबूती आई है।

ऑस्कर विजेता प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने संघर्ष और सफर के बारे में बात की.उन्होंने कहा भारतीय सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है.ये बदलाव भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है और नई पीढ़ी को प्रेरित करता है।" उन्होंने महिला नेतृत्व, अवसरों और चुनौतियों पर भी चर्चा की।

ये भव्य आयोजन 7 मार्च 2025 को जयपुर के हयात रीजेंसी में हुआ, जहां बॉलीवुड की कई हस्तियां और फिल्मी दुनिया के बड़े नाम शामिल हुए.भारतीय सिनेमा में महिलाओं की ताकत और योगदान का जश्न मनाने का ये एक शानदार अवसर बना।

कार्यक्रम की सूत्रधार नोरीन खान ने कहा-"आईफा के 25 साल पूरे होने पर हम सिनेमा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं.'द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा' सिर्फ एक चर्चा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है।" उन्होंने कहा कि आईफा ऐसे मंच और इवेंट्स के जरिए महिलाओं की उपलब्धियों को आगे लाने का काम करता रहेगा।

# नयनतारा की 'मुकुथी अम्मान 2' हुई लॉन्च



मशहूर निर्देशक सुंदर सी अपनी नई पैन-इंडिया फिल्म 'महाशक्ति' (तमिल में 'मुकुथी अम्मान 2') के साथ एक भव्य सिनेमाई अनुभव देने जा रहे हैं.ये फिल्म न सिर्फ क्षेत्रीय सिनेमा की सीमाओं को तोड़ेगी, बल्कि भारत और दुनिया भर के दर्शकों को एक नई कहानी से जोड़ने का काम करेगी.इसमें साउथ इंडियन एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल प्ले करेंगी।

सुंदर सी ने इस मूवी के बारे में बात करते हुए कहा-"महाशक्ति पहले से बड़े एक्शन, गहरी कहानी और शानदार विजुअल्स के साथ नए स्तर पर जाएगी.ये हर दर्शक के दिल को छूने वाली फिल्म होगी.हालांकि तमिल में इस फिल्म का नाम 'मुकुथी अम्मान 2' रखा गया है, लेकिन ये इसका सीक्वल नहीं है.'महाशक्ति' एक नई फिल्म फ्रेंचाइजी की शुरुआत करेगी, जो भारतीय सिनेमा के स्तर को ऊंचा उठाने वाली साबित होगी।

फिल्म में नयनतारा एक दिव्य शक्ति और रक्षक की भूमिका निभाएंगी.इसके लिए उन्होंने 1 महीने का उपवास भी रखा है.उनके अलावा फिल्म में रेजिना कैसेंड्रा, योगी बाबू, वरिष्ठ अभिनेत्री उर्वशी, गरुड़ा राम और अजय घोष भी अहम भूमिकाओं में हैं।

नयनतारा ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा- 'इस किरदार को निभाना महज अभिनय तक सीमित नहीं है.ये एक भावना है.'महाशक्ति' सिनेमा से परे एक शक्ति रखती है.सुंदर सर के विजन के साथ हम एक ऐसी कहानी लेकर

# चैंपियंस ट्रॉफी का भारत वर्सेस न्यूज़ीलैंड फाइनल आज

## फाइनल जीतेगा भारत? गांगुली ने दिया दो टूक जवाब




**दुबई.** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई स्थित दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. अहम मुकाबले से पूर्व टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बड़ा बयान दिया है. उनका मानना है कि फाइनल मैच में टीम इंडिया बेहतरीन प्रदर्शन करती है तो वह खिताब अपने नाम कर सकती है. भारतीय टीम ने लीग चरण में अजेय रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया है. वहीं कीवी टीम को लीग चरण में भारतीय टीम के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था. मगर अन्य टीमों के खिलाफ उसका प्रदर्शन सराहनीय रहा. जिसके बलबूते वह फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई है.

मिचेल सैंटनर एंड कंपनी के उम्दा खेल को देखते हुए कई पूर्व क्रिकेटर थोड़े सहमे हुए हैं. उनका मानना है कि फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम बड़ा उलटफेर कर सकती है. मगर बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और टीम के कप्तान रह चुके दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली ने कुछ अलग ही विचार साझा किया है. एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'टीम इंडिया को शुभकामनाएं. यह एक अच्छी टीम है और हमें उम्मीद है कि यह अच्छा खेलेगी. अगर हम अच्छा खेलेंगे तो जीतेंगे.'

**अगर फाइनल मैच के दौरान हुई बारिश तो**

अगर फाइनल मैच के दौरान बारिश हुई तो ओवरों को घटाकर मैच करवाया जा सकता है. आईसीसी के नियमों के मुताबिक फाइनल मैच में कम से कम 20 ओवरों का खेलना जरूरी है. हर टीम को 20-20 ओवर दिए जाएंगे.

बारिश से प्रभावित होने वाले फाइनल में ओवरों की कटौती तय समय के बाद शुरू होता है. अब बात बारिश और मौसम की करें तो एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक दुबई में आज बारिश की कोई भी संभावना नहीं है,

फिर भी अगर यह मुकाबला आज बारिश की वजह से नहीं खेला जा सका तब यह रिजर्व डे पर आयोजित होगा. 10 मार्च को फाइनल का रिजर्व डे है.

# बुमराह भी शुरुआती मैच से बाहर!

## मुंबई इंडियंस के लिए नई परेशानी

**नई दिल्ली.** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शुरु होने से पहले मुंबई इंडियंस की मुश्किल बढ़ती जा रही हैं। पहले टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या पहले मैच से बाहर हो गए और अब बुमराह भी शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज फिलहाल बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं, जो बेंगलुरु में है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आखिरी टेस्ट में कमर की चोट के चलते आराम की सलाह मिली थी। उनकी फिटनेस को देखते हुए मेडिकल टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में भी भाग न लेने की सलाह दी, जिसके बाद उन्हें टीम इंडिया से भी बाहर होना पड़ा।



जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए आखिरी मैच के लिए टीम इंडिया की स्कॉड में शामिल किया गया था लेकिन उन्हें अचानक टीम से बाहर कर दिया गया और हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल किया गया। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी चुनी गई भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की जगह फिर से हर्षित राणा को शामिल किया गया। अब आईपीएल के शुरुआती मैचों से भी उनके बाहर होने की खबर आ रही है, जो मुंबई इंडियंस के लिए बड़ा झटका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2025 की शुरुआत में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। बुमराह फिलहाल बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं। लेकिन वह आईपीएल 2025 के पहले सप्ताह तक बाहर रह सकते हैं। मतलब ये है कि बुमराह भले ही नेट्स में गेंदबाजी कर रहे हैं लेकिन वह मैच फिट नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से मेडिकल टीम उन्हें अप्रैल के शुरुआती सप्ताह तक मैच खेलने से मना कर रही है। हालांकि ये उम्मीद की जा रही है कि बुमराह शुरुआती सीजन से टीम के साथ जुड़ जाएंगे और प्रैक्टिस का हिस्सा रहेंगे।

## हॉकी टीम के सितारों ने महिलाओं के विकास पर रखे विचार

**नई दिल्ली.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने खेलों में महिलाओं की भूमिका पर जोर देते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किये। झारखंड के एक छोटे से गाँव से निकल कर देश दुनिया में भारत का परचम लहराने वाली सलीमा टेटे ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर कहा, एक साधारण पृष्ठभूमि से आने के कारण मैं जानती हूँ कि सीमाओं को लांघना और सामाजिक मानदंडों के खिलाफ लड़ना क्या होता है। मैंने लकड़ी की छड़ियों से खेलना शुरू किया, लेकिन इसने मुझे कभी बड़े सपने देखने से नहीं रोका। हॉकी ने मुझे चुनौतियों का डटकर सामना करने और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करने का आत्मविश्वास दिया।

# अराविंद चितंबरम ने जीता पहला मेजर खिताब!

**नई दिल्ली.** तमिलनाडु के 25 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर्स अराविंद चितंबरम अपना पहला मेजर खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने लुसाने खेले जा रहे प्राग मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के आठवें राउंड में चेक गणराज्य के डेविड नवारो के खिलाफ दबदबा कायम रखते हुए आसान ड्रॉ खेला। इसके साथ ही उन्होंने 5.5 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है। इस टूर्नामेंट में कुल नौ बाजी खेली जानी है। अराविंद को आखिरी बाजी तुर्की के ग्रैंडमास्टर इदीज गुरेल के साथ खेलनी है और खिताब जीतने के लिए उन्हें सिर्फ ड्रॉ की दरकार है। भारत के ही युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को वियतमान के क्यांग लियाम ली के साथ बाजी ड्रॉ खेली। अब उन्हें आखिरी दौर में नीदरलैंड्स के दिग्गज खिलाड़ी अनीश



गिरी के साथ खेलना है। वहीं, पहले तीन में से दो मैच हारने वाले चीन के टॉप सीड वेई यी ने जीत हासिल कर तीसरे स्थान पर 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली है। अब स्थानीय खिलाड़ी गुयेन थाई को हराया।

अराविंद तमिलनाडु के मदुरै के थिरुनगर के रहने वाले हैं।

उनके लिए बचपन बेहद मुश्किल रहा क्योंकि जब वह सिर्फ तीन साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था। उनकी मां ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी की और बेटे का पालन पोषण किया।

अराविंद को चेस खिलाड़ी बनाने का श्रेय उनके नाना को जाता है। हालांकि अराविंद को क्रिकेट पसंद था और वह बाहर बच्चों के साथ खेलने की जिद करते थे। लेकिन उनके नाना चाहते थे कि वह घर पर ही रहें। ऐसे में उन्होंने अराविंद के सात साल की उम्र में चेस सिखाना शुरू किया।

# दिल्ली कैपिटल्स ने दिया गुजरात जायंट्स को 178 रनों का लक्ष्य




**लखनऊ.** कप्तान मेग लानिंग (92) और शेफाली वर्मा (40) रनों की तूफानी पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 17वें मुकाबले में गुजरात जायंट्स को जीत के लिए 178 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां गुजरात जायंट्स की कप्तान एश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मेग लानिंग और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 108 रन जोड़े। नौवें ओवर में मेघना सिंह ने शेफाली वर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने 27 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी (नौ), जेमिमाह रॉड्रिग्स (चार) और ऐनाबेल सदरलैंड (14) रन बनाकर आउट हुई। दिल्ली का पांचवां विकेट 20वें ओवर की पांचवी गेंद पर मेग लानिंग के रूप में गिरा। मेग लानिंग ने 57 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए (92) रनों की तूफानी पारी खेली। उन्हें डिएंड्रा डॉटिन ने बोल्ड आउट किया। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 का स्कोर खड़ा किया। मैरीजान कप्प (सात) और सेरा ब्राइस (छह) रन बनाकर नाबाद रही।

## चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल पर खिलाड़ी का विवादित सवाल!

**नई दिल्ली.** पूर्व इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने 50 ओवर के फॉर्मेट को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसे 'मरा हुआ' करार दिया है. चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को फायदा पहुंचाने वाले 'खराब नियमों' के कारण ये फॉर्मेट धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी टी20 लीग्स में फ्रीलांसिंग की ओर बढ़ रहे हैं. मोईन अली ने इंग्लैंड के लिए 138 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 2,355 रन बनाये और 111 विकेट लिए. इसके अलावा, उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में 3000 से अधिक रन बनाये और 200 से अधिक विकेट हासिल किए. मोईन ने पिछले साल सितंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और अब आने वाले आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे.मोईन अली ने कहा,'ये फॉर्मेट लगभग पूरी तरह से समाप्त हो चुका है, केवल वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर. ये खेलने के लिए सबसे खराब फॉर्मेट बन चुका है और इसके कई कारण हैं.'पहले, पहले पावरप्ले के बाद मैदान पर 5 फील्डर बाहर होते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में इसे बदलकर 4 कर दिया गया है, जिससे मिडिल ओवर्स में बैटिंग करना आसान हो गया है. इसके अलावा, अब दो नई गेंदों का उपयोग किया जाता है, जो पहले नहीं हुआ करता था, और ये शॉट खेलने को भी आसान बनाता है.मोईन अली ने कहा, 'मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं. पहले पावरप्ले के बाद एक और फील्डर रखना एक भयानक नियम है, क्योंकि इससे विकेट लेना और दबाव बनाना बहुत कठिन हो जाता है. अब वनडे क्रिकेट में खिलाड़ी 60-70 की औसत से खेल रहे हैं, और इसका मुख्य कारण ये है.' उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, 'जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और उस पर थोड़ा सा दबाव डालते हैं, तो वह रिवर्स स्वीप मार देता है.

# अपने सपनों का पीछा करें लड़कियां:प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट की कमान संभाली और महिलाओं को उनके सपने साकार करने के लिए समर्थन एवं प्रोत्साहन दिए जाने का संदेश दिया।




वैशाली ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा की बहन हैं और वह छह वर्ष की उम्र से शतरंज खेल रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया,'वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को महिला दिवस के विशेष अवसर पर संभालने को लेकर रोमांचित हूं। जैसा कि आपमें से कई लोग जानते हैं, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे हमारे प्यारे देश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है।'

वैशाली ने लिखा,'शतरंज खेलना मेरे लिए रोमांच से भरी यात्रा रही है जो मेरे कई टूर्नामेंट और ओलंपियाड की सफलताओं में झलकती है। लेकिन इससे आगे, मैं सभी महिलाओं, विशेष रूप से युवा लड़कियों को एक संदेश देना चाहती हूं चाहे कितनी भी बाधाएं आएं अपने सपनों का पीछा करें। आपका जुनून ही आपकी सफलता की ताकत बनेगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि सपनों को पूरा करने में परिवार का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वैशाली ने कहा,'मेरे पास माता-पिता और भाई-बहनों के लिए भी एक संदेश है कि लड़कियों का समर्थन करें। उनकी क्षमताओं पर विश्वास करें, वे कमाल करेंगी।'' उन्होंने अपने माता-पिता थिरु रमेशबाबू और थिरुमति नागलक्ष्मी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके भाई प्रज्ञानानंदा के साथ उनका बहुत घनिष्ठ रिश्ता है।

# राजस्थान रॉयल्स ने वूमेंस डे पर लॉन्च की नई जर्सी




**जयपुर.** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपने पिंक प्रॉमिस मैच के लिए एक ऑल-पिंक जर्सी लॉन्च करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। रॉयल्स पिंक प्रॉमिस का उद्देश्य राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना जारी रखना है। राजस्थान रॉयल्स 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी करेगा।आईपीएल फ्रेंचाइजी के हवाले से कहा गया,राजस्थान रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक पिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म,'औरत है तो भारत है' के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। पिछले साल, 'पिंक प्रॉमिस' अभियान ने ल्यूमिनस जैसे भागीदारों के समर्थन के साथ 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया।"

पहल के बारे में बात करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक, कुमार संगकारा ने कहा, "'पिंक प्रॉमिस' के माध्यम से, हम एक स्थायी प्रभाव बनाने का प्रयास करते हैं – न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर, जो बदलाव को प्रेरित करते हैं। पिछले साल, हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया, और यह कुछ ऐसा है जो हम गहराई से मानते हैं। एक टीम के रूप में, हम इस यात्रा का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, फाउंडेशन में सार्थक समय बिताते हैं ताकि वास्तव में किए जा रहे काम को समझ सकें।"'पिंक प्रॉमिस' एक अभियान से कहीं बढ़कर है, यह एक सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल्यों को आकार देती है और उन मानकों को परिभाषित करती है जिनके लिए हम खड़े हैं।" इस साल जमीनी स्तर पर प्रभाव डालना जारी रखने के लिए,

## स्पोर्ट एनसीडब्ल्यू टूर्नामेंट आज से -10 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा

**नागपुर.** एम्प्रेस पैलेस में आयोजित हो रहे नागपुर क्रिकेट वॉर में 12 टीमें हिस्सा लेंगी. टूर्नामेंट 2 ग्रुपों ए और बी में आयोजित किया जाएगा. एक मैच 10-10 ओवर का होगा.

ग्रुप ए में विहान स्ट्राइकर, तत्वम टाइटन, रानीकोठी टाइगर, पायोनियर मोटर्स, टॉप गनXI, एमआरएसडी सुप्रीम्स टीम शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में स्मार्टफ्लैयर, श्री एस, अंडरडॉग्स, एआर मॉवेरिक्स, श्रवण स्टार, क्रेजी ब्वॉयज टीम को शामिल किया गया है.

एल्फा स्पॉसर द्वारा प्रायोजित हो रहे टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर मंगलवार को वैरायटी चौक स्थित आशीर्वाद होटल में टीम की जर्सी का इनॉगरेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया. रानीकोठी टीम के लोविन सावलानी ने बताया कि टूर्नामेंट रोचक होगा. इसमें रोजाना 10 मुकाबले खेले जाएंगे. क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल भी होंगे. टूर्नामेंट विजेता टीम को ट्राफी व नकद पुरस्कार दिए जाएंगे.

# गोल्डी ने 10 राज्यों में जीते 40 टूर्नामेंट!

**मुरादाबाद.** आमिर खान की फिल्म दंगल में देखने को मिलता है कि बेटियां बेटों से किसी भी तरह से कम नहीं हैं. ऐसा ही यूपी के मुरादाबाद जनपद में देखने को मिला है. जहां क्रिकेट के क्षेत्र में शहर की गोल्डी सिंह धमाल मचा रही हैं. गोल्डी सिंह लड़कों के साथ ज्यादा मैच खेलना पसंद करती हैं, जिससे वह खुद को ज्यादा मजबूत बना सकें.

अनमोल प्रतिभा की धनी गोल्डी सिंह शहर की उभरती युवा महिला क्रिकेटर हैं. वह शहर में आयोजित होने वाले स्थानीय प्रतियोगिताओं में लड़कों के साथ खेलती नजर आती हैं. वह पारकर क्रिकेट अकादमी की सलामी बल्लेबाज हैं. उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर पारकर अकादमी को कई मैचों में विजय दिलाई है. हर तरफ उनकी प्रशंसा की जा रही है. अगवानपुर निवासी गोल्डी सिंह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेल चुकी हैं. इसके अलावा उन्होंने ओपन टूर्नामेंट में हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि जगहों पर खेला है. कोच हिमांशु शर्मा ने बताया कि वह अभी 4 साल से ही खेल रही हैं. वह हमेशा लड़कों के साथ अभ्यास करती हैं. आने वाले समय में वह भारतीय टीम की ओर से जरूर खेलती नजर आएंगी.



क्रिकेट खिलाड़ी गोल्डी सिंह ने बताया कि 4 साल से वह क्रिकेट के क्षेत्र में हैं. तब से अब तक वह काफी टूर्नामेंट खेल चुकी हैं. वह ऑल इंडिया टूर्नामेंट खेल चुकी हैं. राजस्थान हरियाणा गुड़गांव सहित जितने भी स्टेट हैं. इन सभी जगहों पर वह लगभग 8 से 10 स्टेट में प्रतिभाग कर चुकी हैं.

उन्होंने कहा कि जब से वह क्रिकेट खेलना शुरू की हैं. तब से 30 से 40 टूर्नामेंट जीत चुकी हैं, जिसमें 30 से अधिक मेडल उसे मिल चुके हैं. उन्होंने कहा कि उसे आगे चलकर देश के लिए खेलना है और देश का नाम रोशन करना है.

CMYK

# रविवारीय

**सुविचार**

हर चीज का समाधान आपके अंदर है
बस उसे अच्छे से जानने की ज़रूरत है।

## 'संघर्ष से सफलता तक: मनीषा ढोमणे की प्रेरणादायक कहानी'



**मनीषा ढोमणे**
(संचालिका)
एम. ढोमणे ज्वेलर्स और प्रमोद ज्वेलर्स एक प्रेरणादायी यात्रा

मुसीबतों से हार मान लेने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन विपरीत परिस्थितियों को अपनी ताकत बनाकर आगे बढ़ने वाले लोग मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक मिसाल हैं 'मनीषा ढोमणे', जिन्होंने अपने जीवन में लगातार तीन बड़े आघात झेले, लेकिन हिम्मत नहीं हारी और अपने आत्मविश्वास के दम पर खुद को एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित किया। आज वे नागपुर में दो ज्वेलरी शोरूम यथा प्रमोद ज्वेलर्स एवं एम. ढोमणे ज्वेलर्स की मालकिन हैं और अपने आत्मनिर्भरता की कहानी से हजारों महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं।

'अगर आपमें हिम्मत और आत्मविश्वास है, तो कोई भी परिस्थिति आपको आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती'

### तीन वर्षों में तीन बड़े आघात, फिर भी नहीं मानी हार

गडचिरोली की रहने वाली 'मनीषा ढोमणे' शादी के बाद नागपुर आ गई थीं। उनके पति प्रशांत ढोमणे नागपुर में ज्वेलरी का व्यवसाय चलाते थे और मनीषा गृहिणी के रूप में पूरे परिवार की देखभाल करती थीं। कभी-कभी वे दुकान पर भी चली जाती थीं, लेकिन उनका पूरा ध्यान घर पर ही था। साल 2021 में उनके पति का ब्रेन हेमरेज से अचानक निधन हो गया, जिससे उनके जीवन में अंधेरा छा गया। पति के जाने के बाद परिवार की सारी जिम्मेदारी मनीषा के कंधों पर आ गई। वे अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाई थीं कि 2022 में उनकी सास और 2023 में उनके ससुर का भी निधन हो गया। इन तीन वर्षों में उन्होंने अपने जीवन के तीन सबसे मजबूत स्तंभ खो दिए।

### फिटनेस और खेलों में रुचि

मनीषा को फिटनेस और खेलों का गहरा शौक है। खासतौर पर स्प्रिंट डुआथलॉन, तैराकी, दौड़ और साइक्लिंग में उनकी विशेष रुचि है। वह न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए इन खेलों का अभ्यास करती हैं, बल्कि उन्हें एक चुनौती के रूप में लेकर खुद को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास भी करती हैं। उनकी जीवनशैली में फिटनेस को प्राथमिकता प्राप्त है, और उनका अनुशासन और समर्पण से यह साबित करता है कि एक स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच किसी भी सफलता की कुंजी होती है। उनकी यह प्रेरणादायक यात्रा हर उस महिला के लिए एक सबक है, जो कठिनाइयों से डरकर अपने सपनों से समझौता कर लेती हैं।

### व्यवसाय को बचाने की चुनौती

पति के गुजरने के बाद सबसे बड़ी चुनौती थी ज्वेलरी के व्यवसाय को बचाना। मनीषा के पास न तो व्यापार का कोई अनुभव था और न ही इस क्षेत्र की गहरी समझ। लेकिन हालात ने उन्हें मजबूर कर दिया कि वे इस चुनौती को स्वीकार करें। उन्होंने हिम्मत जुटाई और प्रतापनगर स्थित ज्वेलरी शोरूम को खुद संभालने का फैसला किया। उनकी मेहनत और संघर्ष रंग लाए, और जल्द ही उन्होंने न केवल व्यवसाय को मजबूती दी, बल्कि इसका विस्तार भी किया। अब वे नागपुर में दो ज्वेलरी शोरूम की सफल मालकिन हैं।

### व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता और सामाजिक चुनौतियां

जब मनीषा ने व्यवसाय संभालना शुरू किया, तो उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। व्यापार जगत में नए होने के कारण कुछ प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश की। उनके आत्मविश्वास को तोड़ने के लिए अफवाहें फैलाई गईं। ग्राहक भ्रमित करने और व्यवसाय को कमजोर करने के प्रयास किए गए। लेकिन मनीषा ने इन सभी मुश्किलों का डटकर सामना किया। उन्होंने अपने कार्य और ईमानदारी से ग्राहकों का विश्वास जीता।

### अपने पैरों पर खड़ी हुईं, दूसरों को भी बना रहीं आत्मनिर्भर


मनीषा सिर्फ खुद ही आत्मनिर्भर नहीं बनीं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने का काम कर रही हैं। उनके तीनों बेटे भी अब व्यवसाय में सहयोग कर रहे हैं। सबसे छोटे बेटे सुधांत की पढ़ाई अभी जारी है, और मनीषा उसके लिए भी एक नया शोरूम खोलने की योजना बना रही हैं।

### संघर्ष से सफलता की मिसाल

मनीषा ढोमणे की कहानी इस बात का प्रमाण है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों को अपनी ताकत बनाया और अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

### सम्मान और पहचान


मनीषा ढोमणे की कड़ी मेहनत और सफलता को समाज ने भी पहचाना। हाल ही में, उन्हें उनके समाज की ओर से "सफल महिला उद्यमी" के रूप में सम्मानित किया गया, साथ ही उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से भी नवाजा गया। वे सम्मान उनके संघर्ष, आत्मविश्वास और सफलता की प्रेरणादायक यात्रा का प्रमाण हैं, जो न केवल समाज बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मिसाल है।




**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष**

## सशक्त नारी: संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणादायक कहानियां

**प्रज्ञा विनीत मोदी की प्रेरणादायक कहानी**


श्रीमती. प्रज्ञा विनीत मोदी

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल

महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति की पहचान है। जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, तो वह न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी सिद्धांत को आत्मसात कर अपने जीवन को प्रेरणादायक उदाहरण बनाने वाली हैं प्रज्ञा विनीत मोदी। उन्होंने अपने अदम्य साहस, संकल्प और मेहनत से न केवल अपने जीवन को पुनः गढ़ा, बल्कि हजारों महिलाओं को स्वावलंबी बनने की दिशा में प्रेरित किया।

### प्रेरणा की जीवंत मिसाल

प्रज्ञा विनीत मोदी सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल हैं। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनका सामना कर आगे बढ़ना ही सच्ची सफलता है। वे आज न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। आज वें विदर्भ ऑप्टिकल एसोसिएशन की प्रेजिडेंट हैं वें एकल महिला हैं पुरषों के बीच इस कार्य को संभाल रहीं हैं. यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि JITO (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) के लेडी विंग की बॉडी मेंबर हैँ और JITO Motrimony की हेड भी हैं. उनकी कहानी इस बात का प्रमाण है कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो वह पूरे समाज को बदलने की ताकत रखती है। "जब महिलाएँ आगे बढ़ती हैं, तो दुनिया भी उनके साथ आगे बढ़ती है!

### महिला उद्यमिता और समाज सेवा में योगदान

- शिक्षा और कौशल विकास, खाने की कला में निपुण प्रज्ञा मोदी ने वर्ष 2005 में अपने घर पर ही कुकिंग क्लासेस शुरू कीं। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने अब तक 10,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है। वे IFB कंपनी में प्रोफेशनल शेफ के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उन्होंने नागपुर की 12 शाखाओं में कुकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। अब तक 500 से अधिक वर्कशॉप और सेमिनार आयोजित कर हजारों लोगों को लाभान्वित किया है।


## सामाजिक कार्य और परोपकार

अब तक एक लाख से अधिक लोगों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान कर चुकी हैं। दिव्यांगों के पुनर्वास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रशिक्षित कर रही हैं।




### संघर्ष से सफलता तक का सफर

प्रज्ञा विनीत मोदी का जन्म 18 जून 1983 को बरेली, मध्य प्रदेश में हुआ। उनके पिता, गोपाल कृष्ण बासल, जो भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट थे, ने उन्हें हमेशा जीवन में कुछ अलग और सार्थक करने की सीख दी। शिक्षा के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी योग्यता साबित की। उन्होंने भोपाल के बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय से वाणिज्य (B.Com) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। शादी के बाद भी उन्होंने अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया और शिक्षण तथा खाद्य कला (Culinary Arts) के क्षेत्र में अपना योगदान देना शुरू किया। लेकिन वर्ष 2013 में एक सड़क दुर्घटना में अपने पति को खोने के बाद, उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह समय उनके लिए बेहद कठिन था, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय खुद को मजबूत किया और अपने परिवार व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उनके इस सफर में उनके पिता और ससुर डॉ. संतोष मोदी का विशेष योगदान रहा।



### सम्मान और उपलब्धियाँ

प्रज्ञा मोदी के अथक प्रयासों और सामाजिक योगदान को पहचानते हुए उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। लोकमत अवार्ड, महाराष्ट्र की सबसे स्टाइलिश उभरती हुई उद्यमी का पुरस्कार, दैनिक भास्कर महिला दिवस सम्मान, अंतरराष्ट्रीय ब्रांड पहचान पुरस्कार, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज, राजीव गांधी अवार्ड, महिला रत्न अवार्ड, महिला सशक्तिकरण पुरस्कार, मास्टर शेफ इंडिया में प्रतिभागिता, संजीव कपूर के साथ "रेडी, स्टेडी, कुक" में सहयोग, भारत के पहले "कॉन्टैक्ट लेंस फैशन शो" का आयोजन (2016).

### महिला उद्यमिता को नई ऊँचाइयाँ दीं

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने कई साहसिक कदम उठाए। 2015 में लेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का काम नागपुर में शुरू किया गया। 2016 में सन् 2016 में स्वर्गीय विनीत संतोष कुमार मोदी जी की स्मृति में कलमेश्वर में निःशुल्क आई क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। 2017 में उन्होंने "Modi Lenses Mall Pvt. Ltd." नामक एशिया का पहला छह मंजिला ऑप्टिकल मॉल स्थापित किया।










अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 विशेष परिचर्चा हेतु मिसेज पारुल आर्य, "लर्न इंग्लिश विद पारुल आर्य" की संस्थापक, एक प्रसिद्ध स्पोकन इंग्लिश ट्रेनर, पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोच, और इंटरव्यू विशेषज्ञ ने बी सी एन न्यूज़ चैनल एवं नागपुर मेट्रो समाचार हिंदी दैनिक के हनुमान नगर स्थित कार्यालय में सादिक्छा भेंट दी। इस दौरान, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। भेंट उपरांत, मार्केटिंग टीम के प्रमुख इमरान दाऊदी और एंकर -रिपोर्टर निशा पंजवानी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया।

### शाहिना शेख



हिंदी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार और बीसीएन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर, एडमिन शाहिना शेख ने सभी महिलाओं को सम्मान, प्रेम और समृद्धि की शुभकामनाएं दी। शाहिना शेख ने इस दिन के महत्व को समझाते हुए महिला सशक्तिकरण और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। शाहिना ने यह भी बताया कि एक सशक्त महिला समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है,और इसलिए हमें महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का अवसर प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर शाहिना शेख ने महिलाओं की सफलता और उनके सपनों को साकार करने के प्रति अपनी पूरी समर्थन व्यक्त की और सभी महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

एडमिन: हिंदी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार और इन बीसीएन

**पवित्र महीना माहे रमज़ान विशेष**

## पवित्र क़ुरआन की तिलावत करें, क़ुरआन का पैग़ाम सुनें







**डॉ.मुहियुद्दीन ग़ाज़ी**

पवित्र क़ुरआन ईश्वरीय ग्रन्थ है, यह रमज़ानुल मुबारक में अवतरित हुआ है, इसकी की तिलावत, पठन बहुत मुबारक और निहायत मुफ़ीद अमल है। बिगड़ती और ख़राब होती इस दुनिया को संभालने और बेहतर बनाने का एक ही तरीक़ा है और वह है कुरआन मजीद की तिलावत। अपने आप आपको बनाने और सँवारने का भी एक ही रास्ता है और वह भी कुरआन मजीद की तिलावत से संभव है। तिलावत अपने आप में नेकी का काम है और तिलावत से नेकियों के सब रास्ते भी रौशन होते जाते हैं। जिस महान वाणी और अज़ीम कलाम की तिलावत, पाठ करते हुए इंसानों की ज़िंदगी में नेकियों की बहार आ जाए, उसके एक-एक हर्फ़ के बदले दस-दस नेकियों का सवाब यानी कि पुण्य मिल जाना ताज्जुब की बात नहीं है। कुरआन मजीद की तिलावत से इन्सान को हक़ीक़ी इल्म ,वास्तविक ज्ञान हासिल होता है। तिलावत करते हुए मालूम होता रहता है कि अल्लाह अपने बंदों से कब-क्या चाहता है। इतनी अहम बात तिलावत के बगैर हासिल ही नहीं हो सकती। इस ज़िन्दगी में बंदे के लिए सबसे बड़ी रिसर्च यह है कि उसे अपने रब की पसंद और नापसंद मालूम हो जाए।

यह रिसर्च अज़ीम तरीन कामयाबी की कुंजी है। पवित्र कुरआन मजीद की तिलावत का असर ज़िन्दगी पर नज़र आना चाहिए। इतना साफ़ असर कि हर कोई उसे महसूस कर ले। अगर तिलावत का कोई असर ज़िन्दगी पर नज़र नहीं आता तो समझ लो कि तिलावत के अमल में कोई बड़ी कमी रह गई है। या तो समझे बगैर कुरआन ख्वानी हो रही है या फिर दिमाग़ समझ रहा है मगर दिल असर नहीं ले रहा है। तिलावत के अमल में जुबान और दिमाग़ के साथ-साथ दिल की शिरकत निहायत ज़रूरी है। ज़रूरी है कि तिलावत करने वाले की ज़िन्दगी तिलावत करने के साथ-साथ हर लम्हा बेहतर होती चली जाए। देखने और सोचने का अंदाज़ बदले, लोगों के साथ पेश आने का तरीक़ा बदले, चाहतें और नफ़रतें बदलें, फिक्रमंदियाँ और अंदेशे बदलें। यानी तिलावत के ज़रिये शख्सियत के हर पहलू की इस्लाह (सुधार) होती रहे और ज़िन्दगी ख़ूब से ख़ूब तर होती जाए। जिस तिलावत से ज़िन्दगी में कोई बड़ी तबदीली और परिवर्तन न हो सके वह तिलावत ख़ुद इस्लाहे-तलब है। पवित्र कुरआन मजीद की तिलावत करना हक़ीक़त में बुलंदियों का सफ़र तय करना है। वह बुलंदियाँ जो सिर्फ़ तिलावत करने वाले के हिस्से में आ सकती हैं। जो शख़्स दुनिया में कुरआन मजीद की तिलावत का हक़ अदा करेगा, क़यामत के दिन उससे कहा जाएगा- जिस तरह तुम दुनिया में तिलावत करते थे, अब यहाँ भी तिलावत करते हुए जन्नत की बुलंदियों पर चढ़ते जाओ। जिस बुलंदी पर तुम्हारी तिलावत का सिलसिला रुकेगा, वही बुलंदी तुम्हारा मक़ाम क़रार पाएगी। दानाई और बुद्धिमानी का तक़ाज़ा है कि यहाँ ज़िन्दगी कि आख़िरी सांस तक तिलावत का सिलसिला जारी रहे ताकि वहाँ जन्नत में ऊँचे से ऊँचा मक़ाम हासिल हो सके। पवित्र क़ुरआन की तिलावत करते हुए इंसान सोचे कि कुरआन मजीद के नज़रिये से उसकी पहचान क्या बननी चाहिए। अगर तिलावत करने वाले को कुरआन मजीद में सबसे ज़्यादा ज़ोर ईमान और नेक अमल नज़र आए तो यही खूबी उसकी पहचान बन जाए। वह सारे इन्सानों में सबसे ज़्यादा मज़बूत ईमान वाला और सारे इन्सानों में सबसे ज़्यादा अच्छे काम करने वाला हो जाए। उसके ईमान की मज़बूती पर पहाड़ ताज्जुब करें और उसके किरदार की बुलंदी पर सितारे रश्क करें। पवित्र क़ुरआन की तिलावत करते हुए इंसान गौर से देखे कि कुरआन मजीद में किन कामों का हुक्म बार-बार दिया गया है। तिलावत के नतीजे में वे सारे काम आपकी जिन्दगी में भी उसी कसरत से नज़र आने लगें, जिस कसरत से कुरआन मजीद की आयतों में नज़र आते हैं। बार-बार कुरआन मजीद खत्म करने वाले कभी उसे इस तरह भी खत्म करके देखना चाहिए। पवित्र कुरआन मजीद की ऐसी तिलावत मतलूब नहीं है जिसमें जुबान तर होती रहे और बाक़ी पूरे वजूद में सूखा पड़ा रहे। कुरआन मजीद ज़िन्दगी बख़्श कलाम है, उसकी तिलावत भी जिन्दगी से भरपूर होनी चाहिए। तिलावत ऐसी हो कि जुबान कुरआन मजीद की तिलावत करे और दिलो-दिमाग़ कान लगा कर पूरी तवज्जो से कुरआन मजीद का पैग़ाम सुनें। तिलावत इस तरह हो कि तिलावत करने वालों के दिलो-दिमाग़ का तकिया, आत्मा की शुद्धि करते हुए कुरआन मजीद का पैग़ाम दूसरे लोगों तक पहुँचने लगे। कुरआन मजीद में इसी तरह की तिलावत करने के लिए कहा गया है। अल्लाह के रसूल मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम इसी तरह पवित्र कुरआन की तिलावत किया करते थे। कुरआन मजीद की तिलावत करना दरअसल कुरआन मजीद का पैग़ाम खुद को और फिर सारे इंसानों को सुनाना है। अगर ऐसा नहीं हो रहा हो तो समझ लो कि कुरआन मजीद की तिलावत उस तरह नहीं हो रही है जिस तरह होनी चाहिए। रोज़-बरोज़ बढ़ती व सर चढ़ती हुई भौतिक सुख, माद्दी ज़रूरतों ने शहर की सड़कों को ही व्यस्त और मसरूफ़ नहीं किया है, इंसान के अंदरून यानी अंतर्मन को भी भीड़-भाड़ का शिकार बना दिया है। न दिल में ईमान व यक़ीन के लिए जगह छोड़ी है और न ज़िन्दगी में अच्छे कामों के लिए कोई फुरसत रखी है। अगर दिल यक़ीन से खाली हो जाए और ज़िन्दगी अच्छे कामों से ख़ाली हो जाए तो फिर इंसानों के पास कुत्ते की तरह हाँफते रहने के सिवा कौन सा रास्ता बचता है! ज़िल्लत और तकलीफ़ की इस कैफियत, स्थिति का हल सिर्फ़ कुरआन मजीद में है। कुरआन मजीद ही में वह कुव्वत व तासीर है जो दिल को ईमान व यक़ीन से रौशन कर दे और ज़िन्दगी को अच्छे कामों से सजा और संवार दे।







मौलाना डॉ मोहिउद्दीन गाज़ी "जामिअतुल फ़लाह" से आलमियत व फ़ज़ीलत तथा एम ए, पीएचडी कर चुके मौलाना डॉ मोहीयुद्दीन ग़ाज़ी इस्लामी विद्वानों के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों, "राबता उलेमा अहले सुन्ना", "अल इत्तिहादुल आलमी उलमाए मुस्लेमीन" और "मजमए फ़िक़्हा उश्शरिया" के सदस्य हैं। वे "राब्ता उलमाए अहले सुन्ना" के संस्थापक सदस्य भी हैं। आप जमाअत ए इस्लामी हिंद द्वारा प्रकाशित अरबी त्रैमासिक "अन्नशरह" के संपादक थे, "अल जामियातुल इस्लामिया शांतापुरम" केरल में " डीन फेकल्टी आफ़ क़ुरआन" रह चुके हैं। वर्तमान में वे जमाअत ए इस्लामी हिंद के "तसनीफ़ी अकादमी" के केंद्रीय सचिव, "ज़िंदगी ए नौ" के प्रधान संपादक और शिक्षण के अलावा वे शोध एवं लेखन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सेवाएँ दे रहे हैं।

**डॉ.एम. ए. रशीद मीडिया सेक्रेटरी, जमाअ़त ए इस्लामी हिंद नागपुर**

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK